# प्रदेशभर में शराब के ठेकों पर ताबड़तोड़ छापेमारी

## ओवररेटिंग और शराब की तस्करी की शिकायतों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : सीएम

देहरादून/ऊधमसिंहनगर/अल्मोड़ा (उद संवादाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रशासन और आबकारी विभाग की टीम ने मंगलवार को पूरे प्रदेश में 100 से ज्यादा शराब की दुकानों पर छापेमारी अभियान चलाया। औचक चले इस अभियान से ठेका संचालकों में हड़कंप में मच गया। लंबे समय से सीएम धामी को प्रदेश में शराब की दुकानों पर ओवररेटिंग और कई क्षेत्रों में शराब की तस्करी की शिकायतें मिल रही थी, जिस पर सीएम धामी ने प्रशासन और आबकारी विभाग को अभियान चलाते हुए इस पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए थे। सीएम धामी ने सख्त निर्देश दिए कि यदि दुकानों पर ओवर रेटिंग की शिकायत सही मिलती है और स्टॉक और बिक्री रजिस्ट्रर मेंटेन नहीं मिलता तो दुकानों को सीज किया जाए। प्रदेश में ओवररेटिंग और शराब की तस्करी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। टीम को समय-समय पर अभियान चलाने और तस्करी करने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। डीएम के निर्देश पर एसडीएम ने शराब की नौ दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान छह दुकानों पर निर्धारित से अधिक मूल्य पर शराब बिकती मिली। मंगलवार को एसडीएम मनीष बिष्ट ने टीम के साथ शराब की दुकानों में जांच की। इस दौरान गनिहार खेड़ा रोड जाफरपुर के पास विदेशी मदिरा की दुकान, गल्ला मंडी, अटरिया सिडकुल रोड, ट्रांजिट कैम्प, गाबा चौक विदेशी मदिरा की दुकान और ट्रांजिट कैंप में देसी मदिरा की दुकान के औचक निरीक्षण में बीयर व विदेशी मदिरा में पांच-पांच रुपये






की ओवर रेटिंग पाई गई। एसडीएम ने अनुज्ञापियों के विरुद्ध अर्थदंड की संस्तुति की है। बताया कि इसकी रिपोर्ट तैयार कर डीएम को भेजी जा रही है। इधर काशीपुर में एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने जसपुर खुर्द, चौती चौराहा, अनन्या होटल के सामने देसी शराब की दुकान और स्टेडियम चौराहा के पास विदेशी शराब की दुकान सहित चार दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान देसी शराब की दुकान जसपुर खुर्द, चौती चौराहा व विदेशी शराब की दुकान निकट स्टेडियम चौराहा पर ओवर रेटिंग पाई गई। साथ ही दुकानों में स्टॉक पंजिका भी अपडेट नहीं पाई गई। वहीं, शराब दुकानों पर कहीं रेटलिस्ट मिली तो कहीं नहीं लगी थी। इस दौरान कैमरे, साफ-सफाई व अन्य चीजों की भी पड़ताल की गई। शराब दुकानों की कैंटीन में सिंगल यूज प्लास्टिक, डिस्पोजल, पानी की बोतल और रैपर पड़े हुए मिले। सिंगल यूज प्लास्टिक और गंदगी के लिए पांच-पांच हजार के सात चालान किए गए। ऐसे में 35000 रुपये जमा करने के लिए दुकान मालिकों को नोटिस दिया गया है। एसडीएम ने बताया कि शराब दुकानों में मिलीं खामियों की रिपोर्ट व वीडियो डीएम को सौंपे गए हैं। इस दौरान तहसीलदार पंकज चंदौल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी अमरजीत सिंह साहनी, स्वास्थ्य लिपिक अब्दुल सलीम, नगर निगम की टीम व राजस्व टीम मौजूद रही। किच्छा में भी प्रशासन के अधिकारियों ने शराब दुकानों का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा मंगलवार देर शाम तहसीलदार गिरीश चंद त्रिपाठी के साथ श्मशान घाट के निकट अंग्रेजी शराब की दुकान पर पहुंचे तो वहां पर काम कर रहे शराब ठेकेदार के कर्मचारियों में खलबली मच गई। एसडीएम ने बताया कि दुकान पर किसी भी ग्राहक को शराब की पर्ची नहीं दी जा रही थी। बताया कि ओवर रेटिंग के अलावा स्टॉक रजिस्टर में भी काफी खामियां मिलीं। बाद में एसडीएम नगर के व्यस्ततम चौराहे दीनदयाल चौक के निकट अंग्रेजी की शराब की दुकान पर पहुंचे तो वहां भी इसी तरह की अनियमितताएं मिलीं। एसडीएम ने बताया कि दोनों दुकानों के स्टॉक रजिस्टर सीज कर दिए गए हैं। **अल्मोड़ा।** जिला आबकारी अधिकारी मनोज कुमार उपाध्याय ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार आज शराब की विभिन्न दुकानों पर प्रशासन एवं आबकारी टीम द्वारा छापेमारी की गई। जिसमे दुकानों में हो रहीं ओवर रेटिंग एवं अनियमितताओं आदि की जांच की गई उन्होंने बताया कि आज की छापेमारी में अल्मोड़ा प्रथम (रोडवेज) एवं अल्मोड़ा द्वितीय (सब्जी मंडी), धारानौला, एनटीडी, भुजान, गणाई, पाटली, मासी, मर्चूला, भिकियासैंण में देशी एवं अंग्रेजी, भत्रोजखान , मोलेखल आदि दुकानों में जांच की गई। उन्होंने बताया कि 4 दुकानों में ओवररेटिंग जैसी अनियमितता पाई गई। बताया कि उल्लंघन कर्ताओं के विरुद्ध कड़ी की जाएगी।

## बंगाली समाज ने फूंका विधायक मुन्ना सिंह का पुतला

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रादेशिक बंगाली कल्याण समिति उत्तराखण्ड द्वारा गैरसैण मानसून सत्र के दौरान विधानसभा में विधायक मुन्ना सिंह चौहान के बंगाली विरोधी बयान की निंदा करते हुए विरोध प्रदर्शन के साथ मुन्ना सिंह चौहान के पुतला फूंका गया तथा उनके द्वारा बंगाली विद्वेष की भावना रखते हुए जो बयान दिया उसकी घोर निंदा की गई। रोषित लोगों ने कहा कि भारत विभाजन के बाद पूर्व पाकिस्तान से विस्थापित बंगालियों को यहां तत्कालीन भारत सरकार द्वारा बसाया गया था तथा रहने को जमीन सुविधाये उपलब्ध करायी गयी। इसके इतिहास के संबंध में मुन्ना सिंह चौहान को कुछ भी पता नहीं है। फिर भी विधान सभा में ऐसे वक्तव्य देना घोर निंदनीय है। संजय आइस ने कहा कि मुन्ना सिंह चौहान को ज्ञात होना चाहिये कि यहां पर वर्ष 1951 -52 से यहां तराई क्षेत्र में तत्कालीन समय उत्तर प्रदेश में बसाया गया था। जिससे पूरी तरह मुन्ना सिंह चौहान अनभिज्ञ है और इस तरह के ब्यान देते हैं बंगाली समाज उस समाज से आता है जिनके महापुरुषों नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, खुदीराम बोस, स्वामी विवेकानंद,



रवींद्रनाथ टैगोर आदि अनेको महापुरुष बंगाली समाज से आते है। जिनका देश को आजाद कराने में अहम भूमिका रही है। जब विधानसभा में मुन्ना सिंह चौहान बोल रहें थे तो हमारे क्षेत्र के विधायकों ने भी उन्हें नहीं रोका। क्या उन्हें यह पता नहीं था कि संविधान के अनुच्छेद 341(2) के अंतर्गत अनुसूचित जाति के स्टेट लिस्ट में संशोधन का प्रस्ताव भारत सरकार के पास विचाराधीन हैं। जिसमें 14 फरवरी 2024 को भारत सरकार के ही उपक्रम राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने स्ट्रॉन्ग रिकमेंडेशन दिया है तथा आयोग इस संशोधन की प्रक्रिया का एक पार्ट भी है।उक्त विषय पर भारत सरकार ने एथोनोग्राफिकल सर्वे भी करवाया था जो कि यहां बसे बंगालीयों के पक्ष में ही था। दो दो बार उत्तराखण्ड के विधान सभा ने प्रस्ताव पारित कर भारत सरकार को भेजा गया है। पारित प्रस्ताव को जब भेजा गया उसमें से एक बार मुन्ना सिंह चौहान भी विधायक थे व सरकार भी आपके दल की ही थी। इस वर्ष 12 फरवरी 2024 को उत्तराखंड शासन ने पुन: संस्तुत करके भारत सरकार को प्रस्ताव भेजा और भारत सरकार के पास निर्णय हेतु विचाराधीन हैं। विधानसभा में श्री चौहान का दिया गया वक्तव्य पूरी तरीके से पूर्वाग्रह ग्रसित व आपत्ति जनक है। दिलीप अधिकारी ने कहा कि बंगाली समाज की मांग है मुन्ना सिंह चौहान सावर्जनिक रूप से बंगाली समाज से माफी मांगे नही तो बंगाली समाज सड़को पर उतरने को बाध्य होगा। इस मौके पर मोनिका ढाली, किशोर हालदार, सुब्रत विश्वास, विकास विश्वास, गौरंग पाल, भास्कर मण्डल, रंजीत तिवारी, महेश आचार्य, अमित हालदार, अंकित देवनाथ, अर्जुन विश्वास, अभिमन्यु साना, उमाशंकर, देवानन्द स्वर्णकार, गौतम घरामी आदि लोग उपस्थित थे।

## घर के आगे से रेता उठाने पर दो पक्षों में मारपीट

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र के जेपी नगर फेस टू में आज प्रात: घर के आगे पड़ा रेता उठाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमे कुछ लोगों को मामूली चोटें आईं। दोनों पक्षों ने थाना पुलिस को तहरीर सौंप दी है। एक पक्ष के संजय गुप्ता पुत्र श्याम सुन्दर गुप्ता निवासी जेपी नगर फेस 2 फुलसुंगा थाना ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि उसके घर के सामने स्वय का रेता पड़ा हुआ है। मेरे पड़ोसी युवक ने रेता उठाया। आज इस विषय में युवक की मां से बातचीत की तो युवक व उसके



परिजनों ने उसके परिवार को गालियां दी। मोहल्ले के रहने वाले व्यक्ति उन्हें समझाने आये तो उन्हें गालियां देते मारपीट करने लगे जिसमे एक महिला के कपड़े भी फट गए और उसके शरीर पर चोट आयी है। वही दूसरे पक्ष की सुनीता पत्नी सुरेन्द्र कुमार का कहना है कि आज प्रात: उसके पुत्र ने गली से रोड पर पडे रेत में से दात मांजने के लिऐ तोडा सा रेता उठाया तो उक्त गली के कुछ लोग पुत्र को गालिया देते हुऐ मारने लगे। जिसके बाद उसके घर में घुसकर परिजनों को मारने पीटने लगे और पुत्र को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## काशीपुर में काबीना मंत्री रेखा आर्य ने शुरू किया भाजपा का सदस्यता अभियान

काशीपुर(उद संवाददाता) काशीपुर में विधायक त्रिलोक सिंह चीमा के कार्यालय पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने जनप्रतिनिधियों और भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारीयों की प्राथमिक सदस्यता का नवीनीकरण





करवाया इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर जाकर सदस्य बनाने का कार्य कर रहे हैं और भाजपा सरकार द्वारा जनहित में किए गए कार्यों का परिणाम है कि अभियान को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रदेश हित में किए गए कार्यों से जनता बहुत खुश है और हर व्यक्ति बीजेपी से जुड़ना चाहता है महिलाओं को क्षैतिज आरक्षण, रेलवे का आधुनिकरण और उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं के कारण लोगो की आस्था भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़ी हुई है। इस दौरान उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से भाजपा की सदस्यता लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक काशीपुर हरभजन सिंह चीमा,प्रदेश मंत्री गुरविंदर सिंह चंडोक,आशीष गुप्ता,दीपक वाली,डॉक्टर गिरीश तिवारी,मोहन बिष्ट, डॉक्टर सुदेश चौहान,रवि पाल ,लविश अरोड़ा ,अमित नारंग, विनीत चौधरी, प्रशांत पंडित अभिषेक गोयल, बृजेश पाल ,रजत सिद्धू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्यामवीर ने चीनी मिल का किया निरीक्षण

किच्छा(उद संवाददाता)। दर्जा राज्य मंत्री एवं गन्ना सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष द्वारा शुगर फैक्ट्री का निरीक्षण किया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दर्जा राज्य मंत्री श्यामवीर सिंह सैनी द्वारा किच्छा शुगर चीनी मिल का निरीक्षण किया गया तथा अधिशासी निदेशक से चीनी मिल में चल रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा की तथा जानकारी ली।इस अवसर पर पूर्व विद्यायक राजेश शुक्ला ने भी दर्जा राज्य मंत्री के साथ मिल का निरीक्षण किया । अधिशासी निदेशक त्रिलोक से मार्तोलिया द्वारा दर्जा राज्य मंत्री को अवगत कराया गया कि पेराई सत्र वर्ष 24 /25 के लिए चीनी मिल में मरम्मत का कार्य मशीनों की जांच पड़ताल सहित तमाम अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने का कार्य चल रहा है जिसके लिए कर्मचारी दिन-रात प्रयासरत है तथा यह भी अवगत कराया गया कि प्रयास किया जा रहा है कि वर्ष 2024-25 का पेराई सत्र समय पर प्रारंभ हो सके। दर्जा राज्य मंत्री ने चीनी मिल कर्मचारियों की विभिन्न कर्मचारी संगठनों से भी मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना तथा शीघ्र ही समस्याओं के निवारण हेतु कार्यवाही किए जाने की भी बात कहीं। इस अवसर पर मुख्य रूप से निदेशक त्रिलोक से मार्तोलिया ऋषिपाल सिंह, किच्छा संजीव चौधरी, सहायक गन्ना आयुक्त आशीष नेगी, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरिक्षक महेश प्रसाद, मुख्य रसायनक ए के पाल, डी सी पांडे मुख्य अभियंता, मुख्य खता लेखक संजय पांडे, सहायक अभियंता राजेंद्र सिंह, पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष श्रीकांत राठौर, अभिषेक तिवारी आदि लोग उपस्थित थे।







# धूमधाम से निकाली निशान यात्रा, भक्तिमय हुआ वातावरण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। श्रीं श्याम सेवा समिति, रुद्रपुर के तत्वाधान मे श्री श्याम निशान यात्रा धूमधाम से निकाली गयी। इस दौरान निशान यात्रा से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। निशान यात्रा का शुभारम्भ सिटी क्लब से हुआ । इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु निशान हाथ में लिये चल रहे थे। इस दौरान श्याम बाबा के भजनों और जयघोषों से पूरा वातावरण श्याममय हो गया। निशान यात्रा में क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा भी हाथ में निशान लेकर शामिल हुए। यात्रा बाईपास रोड होते हुए गाँधी पार्क मुख्य बाजार होते हुए गल्ला मंडी खाटू श्याम मंदिर पर जाकर सम्पन्न हुई। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा कि रुद्रपुर में खाटू श्याम बाबा में आस्था रखने वाले भक्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। वहीं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी कई समर्थकों के साथ निशान यात्रा में प्रतिभाग किया। इस बीच श्री ठुकराल श्याम बाबा के जयकारों के उद्घोषों के साथ चल रहे थे। श्री निशान यात्रा में रूद्रपुर की इन्द्रा कालोनी, आवास विकास, रम्पुरा, आदर्श कालोनी, घास मण्डी, संजय नगर, खेड़ा, दूधिया नगर, जगतपुरा सहित कई कालोनियों से आये भक्तों ने भाग लिया। इस दौरान श्याम भक्तों द्वारा जमकर नृत्य करते हुये निशान ध्वज को बड़े सम्मान के साथ उठाया हुआ था। श्री निशान यात्रा का कई स्थानों पर भक्तों द्वारा स्वागत भी किया गया। श्री निशान यात्रा के दौरान भक्तों द्वारा बाबा श्याम के जयकारों के साथ माहौल को भक्तिमय कर रखा था। तेज गर्मी के बावजूद भी बाबा भक्तों का जोश कम होने का नाम नही ले रहा था।



## वेंडिंग जॉन में डिजाइन से अलग दुकानों बनाने पर रोष

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर निगम के सामने निर्माणाधीन वेंडिंग जॉन का ठेला व्यापारी उत्थान समिति ने निरीक्षण किया। अध्यक्ष सूरज सिंह कश्यप ने बताया कि जो डिजाइन पहले ठेकेदार द्वारा दिखाया गया था उसका डिजाइन अलग था। अब जब यह दुकान तैयार हुई हैं तो इनका डिजाइन कुछ और है। इस वजह से चाट कारोबारी कैसे अपनी दुकान को चलाएंगे। इसको लेकर नगर आयुक्त से मिलने नगर निगम गए परंतु मीटिंग में होने के कारण वह नहीं मिल पाए। उसके बाद समिति के पदाधिकारियों ने मोदी मैदान में वेंडरों से मुलाकात की और स्टीकर चिपकाए जिससे वह लोग ग्रुप से जुड़ सकें। इस दौरान महेन्द्र कुमार अरोरा, सुबोध गुप्ता, राजेश गिरी, दीपक कोली, चंदन सिंह बिष्ट, सोनू रस्तोगी, राम सिंह बिष्ट, विशाल कश्यप, प्रेम सिंह बिष्ट, सुरेन्द्र कुमार, सूरज कश्यप, योगेश सैनी, हिमांशु शर्मा, देवेंद्र सिंह, राम सहारे गुप्ता, दिलीप कुमार, दीपांकर शाह, दीपू, रविंद्र सिंह, रवि, नरेश कश्यप, रामकिशोर कश्यप, ओमकार कश्यप, महेंद्र कश्यप, जानकी देवी, करण सिंह बिष्ट, रमेश सिंह बिष्ट, प्रमोद रस्तोगी, महेश राठौर, रामचंद्र राठौर, अमित अग्रवाल, गणेश कोली, मनोज कोहली, विनोद कोली आदि स्ट्रीट वेंडर थे।



## शतरंज प्रतियोगिता में शेराली और सदभाव प्रथम

किच्छा (उद संवाददाता)। दो दिवसीय 18 वीं अंडर -19 जूनियर प्रदेश स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता देवभूमि चेस एसोसिएशन की ओर से आयोजित की गयी। महासचिव संजीव चौधरी ने बताया इस प्रतियोगिता में पांच-पाँच राउण्ड के मैच बालक और बालिकाओं के बीच खेले गय। इस प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि उत्तराखण्ड ओलम्पिक संघ के महासचिव डा. डीके सिंह के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया । प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में शेराली पटनायक ने प्रथम, ईशिका बंगा ने द्वितीय, समयक्ता गुप्ता ने तृतीय सौम्या मेहरा नैनीताल ने चौथा स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में सद्भाव रौतेला बागेश्वर ने प्रथम, शेराली पटनायक देहरादून द्वितीय, आकर्ष अच्युत हरिद्वार ने तृतीय, शुभ सिंह सैनी उधम सिंह नगर ने चौथा स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ी 16 सितम्बर 2024 से 24 सितम्बर 2024 तक करनाल सौरभार में होने वाली राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिया में उत्तराखण्ड का प्रतिनिधित्व करेंगे। पुरस्कार वितरण समारोह में देवभूमि चेस एसोसिएशन को कोषाध्यक्ष डॉ सीमा सिंह, चीफ आर्बिटर मृत्युजंय सिंह आर्बिटर रुपेश कुमार, पवन सिंह, फैज मलिक, आर्थिन सिंह और सुनील कुमार उपस्थित रहे।



## बंगाली समाज उत्तराखंड का मूल निवासी: ममता

गदरपुर/दिनेशपुर (उद संवाददाता)। बंगाली समाज के विरुद्ध किसी भी तरह की बयानबाजी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह बात कांग्रेस कमेटी की प्रदेश महामंत्री ममता हालदर ने कहीं। उन्होंने कहा बंगाली समाज उत्तराखंड राज्य का मूल निवासी है । उन्होंने कहा कुछ दिन पूर्व गैरसैंण में आहूत विधानसभा सत्र के दौरान गढ़वाल मंडल के विधायक मुन्ना सिंह चौहान द्वारा आरक्षण विषय पर चर्चा के दौरान उत्तराखंड राज्य के उधम सिंह नगर में निर्वासित बंगाली समाज के अस्तित्व पर टीका टिप्पणी करते हुए गलत बयानबाजी की है। कहा कि इस तरह की बयानबाजी बंगाली समाज कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। ममता हलदार ने कहा कि बंगाली समाज उत्तराखंड में ना कोई किरायेदार है और ना ही कोई पर्यटक है। उत्तराखंड बंगाली समाज उत्तराखंड राज्य का मूल निवासी है। हालदार ने कहा कि भारत देश के बंटवारे के समय जनपद उधम सिंह नगर एवं देश के 22 राज्यों में अखंड भारत देश के ही पूर्वी बंगाल से विस्थापित होकर आए बंगाली समाज को तत्कालीन सरकारों ने भूमि भवन आवंटित कर बसाया है। बंगाली समाज उत्तराखंड राज्य का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि विधायक चौहान की अज्ञानता है जिन्हें उधम सिंह नगर के बंगाली समाज को भौगोलिक ऐतिहासिक एवं सामाजिक पृष्ठभूमि का कोई ज्ञान नहीं है। इसी बंगाली समाज में उत्तराखंड राज्य निर्माण में भी अपना विशेष योगदान दिया है। इस उधम सिंह नगर को निर्वासित बंगाली समाज, पंजाबी समाज, सिख समाज, पूर्वांचल समाज, देसी समाज, थारू, बुक्सा समाज आदि सभी समाज ने अपने खून पसीने से सींचा है इसलिए विधायक मुन्ना सिंह चौहान को अपनी व्यक्तिगत बयानों में प्रयुक्त किए गए शब्दों को वापस लेते हुए सार्वजनिक रूप से बंगाली समाज से माफी मांगनी चाहिए।



## भाजपा के सदस्यता अभियान का हुआ शुभारम्भ

खटीमा (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता आभियान का शुभारंभ वॉर्ड नम्बर 14 पंजाबी कॉलोनी से हुआ। शक्ति केन्द्र संयोजक नीलू गुप्ता सदस्यता आभियान नगर सह संयोजक एवं भाजपा नगर महामंत्री मनोज वाधवा के नेतृव में दर्जनों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। 8800002024 नम्बर पर मिस कॉल के द्वारा प्राप्त सदस्यता फार्म भरकर भाजपा सदस्यता प्राप्त की गयी। भाजपा नगर महामंत्री मनोज वाधवा ने बताया कि प्रथम चरण का सदस्यता आभियान प्रारम्भ हो गाया है जिसमें हजारों युवा, महिलाएं, पुरुष भाजपा की सदस्यता लें रहें है। विश्व की सबसे बडी पार्टी भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर सभी वर्ग के लोग बीजेपी से जुड़ने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि सदस्यता के इस अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर पार्टी को मजबूत किया जायेगा। पंजाबी कॉलोनी के सदस्यता अभियान में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ,नगर अध्यक्ष जीवन धामी, सदस्यता अभियान नगर संयोजक सन्तोष अग्रवाल , जिला महामंत्री सतीश गोयल, विजय गुप्ता, ललित जोशी, दिनेश अग्रवाल, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा विमला मुंडेला, जिला उपाध्यक्ष सावित्री कन्याल, किशन गुप्ता, शारदा चौधरी, नरेन्द्र सिंह गिल, सुधीर बत्रा, विजय गुप्ता, पुष्पा सक्सेना, सीमा सक्सेना, कल्लू कश्यप, भगवान दास गुप्ता आदि उपस्थित थे।



## आय से अधिक संपत्ति के केस में गणेश जोशी की मुश्किलें बढ़ी

देहरादून। कृषि मंत्री गणेश जोशी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मुकदमा दर्ज होगा या नहीं इसके लिए कोर्ट ने 19 अक्तूबर की तिथि नियत की है। कोर्ट को मामले में मंत्री परिषद के फैसले का इंतजार है।गौरतलब है कि अधिवक्ता विकेश नेगी ने कृषि मंत्री गणेश जोशी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया था। नेगी ने इस संबंध में कोर्ट को (सीआरपीसी 156(3) के तहत) प्रार्थनापत्र देकर विजिलेंस में मुकदमा दर्ज कराने की मांग की थी। इस पर स्पेशल विजिलेंस जज मनीष मिश्रा की कोर्ट ने विजिलेंस से आख्या मांगी थी। इस मामले में मंगलवार को सुनवाई हुई। विजिलेंस ने अपनी आख्या के साथ एक पत्र भी कोर्ट में प्रस्तुत किया। आठ जुलाई 2024 का यह पत्र कार्मिक एवं सतर्कता विभाग की ओर से विजिलेंस को भेजा गया है। इस पत्र में सचिव मंत्री परिषद (गोपन विभाग) को शिकायत का अपने स्तर से परीक्षण कर यथोचित कार्रवाई करने को कहा गया है। कोर्ट में कहा गया कि भारतीय संविधान के अनुसार मंत्री परिषद कार्यपालिका की निर्णय लेने के लिए सर्वोच्च संस्था है। इस पत्र से साफ होता है कि यह मामला पहले ही मंत्री परिषद को भेजा जा चुका है। कोर्ट में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के नियमानुसार ऐसे मामलों में मुकदमा दर्ज करने के आदेश से पहले कैबिनेट के फैसले का तीन महीने तक इंतजार किया जाता है। पत्र सात जुलाई को भेजा गया था। इसके अनुसार तीन महीने का समय आठ अक्तूबर को समाप्त हो रहा है। लिहाजा इसके बाद ही इस पर निर्णय लिया जाएगा। लिहाजा कोर्ट ने इस मामले में अब 19 अक्तूबर की तिथि नियत की है।

## बंगाली समाज से माफी मांगे विधायक मुन्ना सिंह: मीना

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने भाजपा विधायक मुन्ना सिंह चौहान पर आरोप लगाया है कि उन्होंने बंगालियों के अनुसूचित जाति पर जो बयान दिया है, उससे पूरा बंगाली समाज आहत है, उन्होंने विधायक मुन्ना सिंह चौहान से बंगाली समाज के प्रति दिए गए बयान पर माफी मांगने की मांग की है । मीना शर्मा ने कहा कि विधायक मुन्ना सिंह चौहान को अपने बयान के लिए बंगाली समाज से माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि उन्होंने जो शब्दों का प्रयोग किया है उस से निश्चित रूप से बंगाली समाज का अपमान होता दिखाई दे रहा है, श्रीमती शर्मा ने कहा की तराई को बसाने में और उसके विकसित होने में जहां सिख, पंजाबी और पूर्वांचल समाज का हाथ रहा है, वही बंगाली समाज ने भी कड़ी मेहनत करके तराई क्षेत्र को आबाद किया है, श्रीमती शर्मा ने कहा कि विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने बंगाली समाज के अनुसूचित जाति के मुद्दे पर जो बयान दिया है,उसकी वह पुरजोर निंदा करती हैं, और वह मुन्ना सिंह चौहान से मांग करती है कि बंगाली समाज के प्रति दिए गए बयान को लेकर वह माफी मांगे।



## प्रकाश एनक्लेव में नौ माह पूर्व हुई चोरी की रपट दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। मानपुर रोड स्थित प्रकाश एनक्लेव जैसी पाश कॉलोनी में बंद पड़े मकान पर धावा बोलकर अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए कीमत के वेशकीमती आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर घटना के लगभग नौ माह बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। मकान नंबर 7 प्रकाश एनक्लेव मानपुर रोड काशीपुर निवासी नीलम सूंठा पत्नी राजीव सूंठा ने बताया कि बीते 5 जनवरी को घात लगाए अज्ञात चोरों ने मकान पर धावा बोलकर कमरे के सेफ में रखी सोने की दो छोटी बड़ी नथ, एक सोने का टीका तथा एक जोड़ी कानों के झुमके समेटकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने सनसनी खेज चोरी के इस मामले में घटना के लगभग 8 माह बाद प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की है। बता दें स्टेडियम तिराहे से मानपुर रोड की ओर जाने वाले मार्ग पर बसाया गया प्रकाश एनक्लेव एक गेटेड कॉलोनी है। कटोरा ताल चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कॉलोनी में बड़े उद्यमी प्रशासन के उच्चाधिकारी तथा तमाम राजनीति से जुड़े जनप्रतिनिधियों का आवास है। इस कॉलोनी में मुख्य द्वार से लेकर अंदर तक प्रत्येक मकान के आगे लगभग सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। ऐसे में आश्चर्य की बात यह है कि चोरी जैसी सनसनीखेज घटना को घटित हुए लगभग 8 माह से भी अधिक का समय बीत गया लेकिन कानूनी कार्यवाही के नाम पर कुछ भी नहीं हो सका। प्रकाश एंक्लेव में इससे पूर्व भी चोरी की घटनाएं घटित हो चुकी है।

# प्रदेश में सभी ग्राम पंचायतों को फार्म मशीनरी बैंक योजना से जोड़ा जाए

## सीएम ने कृषि और उद्यान विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में कृषि और उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य में किसानों की आर्थिकी को और तेजी से बढ़ाने की दिशा में प्रभावी प्रयास किये जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ एक पैकेज के रूप में मिले। केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का पूरा लाभ किसानों को मिले इसके लिए राज्य और जनपद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पॉलीहाउस के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए पॉलीहाउस योजना सहायक सिद्ध होगी, इनके निर्माण में लेटलतीफी करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जायेगी। प्रत्येक साल के लिए निर्धारित लक्ष्य के हिसाब से राज्य में पॉलीहाउस का निर्माण किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि यंत्रीकरण योजना से किसानों को लाभान्वित किया



जाए। इस योजना के तहत अनेक कृषि यंत्रों पर 80 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने फार्म मशीनरी बैंक योजना से किसानों को तेजी से जोड़ने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों को फार्म मशीनरी बैंक योजना से जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में मिलेट को बढ़ावा देने के लिये और कारगर प्रयासों की जरूरत है। मिलेट उत्पादन को बढ़ावा देने के लिये कृषि क्षेत्र बढ़ाने के साथ उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रत्येक साल का एक्शन प्लान बनाया जाए। उत्पादों की वैल्यू एडिशन पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने राज्य में प्राकृतिक खेती को और बढ़ावा देने के निर्देश भी दिये। मुख्यमंत्री ने राज्य में एप्पल और कीवी मिशन के तहत तेजी से कार्य करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेब के उत्पादन में वृद्धि के साथ ही पैकेजिंग और मार्केटिंग की दिशा में भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि सेब और कीवी उत्पादन में वृद्धि राज्य में किसानों की आर्थिकी को बढ़ाने में गेम चेंजर साबित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में ऐरोमा के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। ऐरोमैटिक सेक्टर किसानों की आय बढ़ाने में काफी कारगर साबित हो सकता है। इस दौरान बैठक में कृषि मंत्री श्री गणेश जोशी, उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद श्री विश्वास डाबर, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव श्री आर. के. सुधांशु, सचिव श्री एस.एन. पाण्डेय, अपर सचिव श्री रणवीर सिंह चौहान, श्री आनंद स्वरूप, सुश्री दीप्ति सिंह, निदेशक सगंध पौध केन्द्र श्री नृपेन्द्र चौहान एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# एसएसपी ने एसआई मुकेश मिश्रा को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर में हुई चोरी और बाइक चोर गिरोह के खुलासे सहित कई सराहनीय कार्य करने पर एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने गदरपुर थाने के एसआई मुकेश मिश्रा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। बीती 7-8 जुलाई को दो नकाबपोश चोरों ने श्री सनातन धर्म मंदिर में लाखों रूपये के चांदी के मुकुट और गुल्लक से नकदी चोरी की थी। एक पखवाड़े बाद पुलिस ने एसओजी के सहयोग से दिल्ली से दोनों चोरों और चांदी खरीदने वाले सुनार को गिरफ्तार किया था। वहीं, आठ अगस्त को गदरपुर पुलिस ने चोरी की एक स्कूटी



सहित 16 दो पहिया वाहनों के साथ दो चोरों को गिरफ्तार किया था। दोनों ही मामलों के खुलासे में थाना गदरपुर के एसआई मुकेश मिश्रा का कार्य सराहनीय रहा। यहीं नहीं, आवास विकास कालोनी में व्यापारी वेदप्रकाश अरोरा के घर के ताले तोड़कर की गई लाखों रूपये और जेवरात चोरी के मामले के खुलासे में भी मुकेश मिश्रा की भूमिका काबिले तारीफ रही थी। थाना गदरपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने एसपी काशीपुर अभय सिंह की मौजूदगी में एसआई मुकेश मिश्रा को मेन ऑफ दि मंथ घोषित किया था। एसआई मुकेश मिश्रा को मेन ऑफ दि मंथ से सम्मानित किए जाने पर थाना गदरपुर के पुलिस कर्मियों में खुशी की लहर बनी हुई है।

# पंत जयंती के कार्यक्रमों को लेकर प्रशासन ने बनाई रूपरेखा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भारत रत्न पं0 गोविन्द बल्लभ पंत की 137वीं जयंती 10 सितंबर, 2024 को जनपद भर मे हर्षोल्लास से मनाई जायेगी। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार मे बैठक आयोजित कर रूपरेखा तय की गई। जिलाधिकारी ने कहा भारत रत्न पं0 गोविन्द बल्लभ पंत ने देश-प्रदेश व समाज के लिए अपना बहुत बड़ा योगदान दिया है, हम उनके आदर्शों का सम्मान करते हुए देश व प्रदेश की उन्नति के लिए कार्य करे। सर्वसम्मति से तय किया गया कि जिन स्थानों पर पंत जयंती मनाई जाती है, वहां प्रभात फेरी का आयोजन किया जायेगा व विद्यालयो मे विचार गोष्ठी, वाद-विवाद, भाषण प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही निबंध व चित्रकला का आयोजन भी किया जायेगा। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा वह इन कार्यक्रमों की स्वयं मॉनिटरिंग करेंगे। जनपद के सभी सरकारी कार्यालयों मे 10 सितंबर को प्रात: 11 बजे पंत जी के चित्र



पर माल्यार्पण किया जायेगा। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारी, अधिशासी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कार्यक्रम स्थलो, पंत पार्क व पंत जी की प्रतिमाओं पर साफ-सफाई व रंग रोगन व चूना आदि की व्यवस्था समय से किया जाए। उन्होंने कहा जनपद के सभी तहसील व ब्लॉकों में पंत जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने इस अवसर पर सभी कार्यक्रम स्थलों व प्रभात फेरी दौरान यातायात की व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश पुलिस को दिए, साथ ही कार्यक्रम दौरान सुचारू विद्युत व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश अधिशासी अभियंता विद्युत को दिए।बैठक मे अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उपजिलाधिकारी गौरव पांडे, ओसी डॉ. अमृता शर्मा, उपनगर आयुक्त शिप्रा जोशी, काशीपुर रोहिताश शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र मिश्रा, सीओ आर डी मठपाल, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत, समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, मुख्य संयोजक ललित भट्ट, जिला कार्यक्रम संयोजक रामप्रकाश गुप्ता, राजेश कुमार, गौतम मेहरोत्रा, संतोष गुप्ता, सुभाष चन्द खुराना, ऋतिक गुप्ता, आशा वर्मा, हरीश चन्द्र जोशी, दीवान सिंह, तेजेश्वर जोशी, मोहन चंद, मुकेश भंडारी, कमल किशोर उपाध्याय,, हरीश पंत, सुरेश चावला, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# तुध भावे ता नाम जपवे सुख तेरा दित्ता लईये

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री दुख निवारण साहिब में गत सुबह शबद कीर्तन भाई साहब भाई सरबजीत सिंह पटना वालों के द्वारा गाए गए। कीर्तन के बोल तुध भावे ता नाम जपवे सुख तेरा दित्ता लईये,राजन के राजा महाराजन के महाराजा ऐसो राज छोड़ और दूजा कौन धिआइये, बोल के साथ, कीर्तन शबद गाए। साथ ही श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की हजूरी में मुख्यग्रंथी कमलजीत सिंह द्वारा अरदास की गई।



साध संगत में लंगर भी वर्ताया गया। इस मौके पर गुरुद्वारा दुख निवारण साहिब के मुख्य सेवादार प्रधान रणजीत सिंह नागपाल, सचिव हरविंदर सिंह कुकरेजा, उपाध्यक्ष फतेह सिंह, मीडिया प्रभारी दलजीत सिंह दल्ली, अवतार सिंह, इंद्रजीत सिंह, परमजीत सिंह, जोगिंदर सिंह, राजेंद्र गुलाटी, कमल सुखीजा, नितिन नागपाल, गुरप्रीत सिंह, कुलजीत सिंह नागपाल, परविंदर सिंह, हरविंदर सिंह, बनप्रीत सिंह, हरप्रीत सिंह आदि मौजूद रहे। आज सुबह अखंडपाठ साहिब जी की सम्पूर्णता के साथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के सम्मुख मुख्यग्रंथी कमलजीत सिंह जी द्वारा अरदास कराई गई।

# वित्त मंत्री ने बिल लाओ इनाम पाओ योजना के विजेताओं को बांटे पुरस्कार

देहरादून। वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा, बिल लाओ-इनाम पाओ योजना को लेकर उपभोक्ताओं में काफी उत्साह है। इसे देखते हुए योजना को जारी रखने पर सरकार विचार करेगी। सामान खरीद पर जीएसटी बिल लेने के लिए उपभोक्ताओं को प्रोत्साहन करने को एक सितंबर, 2022 से योजना शुरू की गई। जो 31 मार्च, 2024 समाप्त हो चुकी है। इस अवधि में 86,905 उपभोक्ताओं ने योजना में 269.50 करोड़ के बिल भेजे। अक्तूबर- नवंबर माह में योजना का मेगा ड्रॉ निकालने की तैयारी है। इसके लिए मुख्यमंत्री धामी से समय मांगा जा रहा है। मंगलवार को रिस्पना पुल स्थित एक होटल में वित्त मंत्री ने बिल लाओ-इनाम पाओ योजना के मार्च माह के लकी ड्रॉ विजेताओं को स्मार्ट फोन, स्मार्ट वॉच व ईयर बड्स वितरित किए। योजना के तहत कुल 17 मासिक लकी ड्रॉ निकाले गए।



हर महीने 1500 विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। योजना में कुल 86,905 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण किया। जिनके माध्यम से 6,39,057 बिल अपलोड किए गए। इन बिलों का कुल मूल्य 269.50 करोड़ है। इस मौके पर आयुक्त राज्य कर डॉ. अहमद इकबाल, अपर आयुक्त आईएस बृजवाल, अपर आयुक्त बीएस नगन्याल, अनिल सिंह, अमित गुप्ता, पीएस डुंगरियाल, संयुक्त आयुक्त संजीव सोलंकी, अनुराग मिश्रा, एसएस तिरुवा मौजूद थे। वित्त मंत्री डॉ. अग्रवाल ने बताया कि 2022 में जीएसटी प्रतिपूर्ति बंद होने से राज्य को प्रतिवर्ष 5000 करोड़ का आर्थिक नुकसान हुआ है। लेकिन अब राज्य के कदम आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहे हैं। प्रदेश सरकार को हर वर्ष औसतन 6000 करोड़ का लोन लेना पड़ता था। इसमें भी कमी आई है। चालू वित्तीय वर्ष में अगस्त माह तक जीएसटी से 3780 करोड़ का राजस्व मिला। जो बीते वर्ष से 12 प्रतिशत अधिक है। वित्त मंत्री ने कहा कि योजना के लकी ड्रॉ में पूरी तरह पारदर्शिता बरती गई। लकी ड्रॉ निकालने की कार्रवाई इलेक्ट्रॉनिक माध्यम की गई।

# बीस सूत्रीय कार्यक्रम की रैंकिंग में उधम सिंह नगर जनपद अव्वल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।जिलाधिकारी उदयराज सिंह के नेतृत्व में बीस सूत्रीय कार्यक्रम में माह मई की रैंकिंग में जनपद ऊधम सिंह नगर प्रथम स्थान पर रहा है, जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में माह मई की रैंकिंग मंगलवार को जारी हुई है। उन्होंने बीस सूत्रीय कार्यक्रम में माह मई की रैंकिंग में प्रथम आने पर सभी अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने अधिकारियों को वर्षभर बीस सूत्रीय कार्यक्रम में प्रथम श्रेणी बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होने बताया कि जनपद उधमसिंह नगर बीस सूत्रीय के 19 कार्यक्रमों में ए श्रेणी, 05 कार्यक्रमों में बी श्रेणी, 05 में सी श्रेणी व 10 कार्यक्रमों मे डी श्रेणी प्राप्त की। उन्होंने सभी अधिकारियों को सभी कार्यक्रमों में ए श्रेणी में लाने के निर्देश दिये। बीस सूत्रीय कार्यक्रम में प्रदेश के 13 जनपदो में उधमसिंह नगर प्रथम, देहरादून द्वितीय व जनपद चमोली तृतीय स्थान पर रहा।

# श्री गुरू ग्रंथ साहिब के प्रकाशोत्सव पर सजा विशेष धार्मिक दीवान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा आदर्श कालोनी में आज श्री गुरू ग्रंथ साहिब का पहला प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर गुरूद्वारा में विशेष धार्मिक दीवान सजाया गया और अटूट लंगर बरताया गया। साथ ही हाल में सम्पन्न हुई पीसीएस की परीक्षा पास करने वाली जसमीत कौर पुत्री जसवंत सिंह को गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विशेष धार्मिक दीवान में रागी जत्था भाई पवनदीप सिंह ने शबद कीर्तन कर गुरू की महिमा का गुणगान कर सभी से गुरू के बताये मार्ग पर चलने का आव्हान किया। वहीं





कथावाचक भाई गुरभेज सिंह ने श्री गुरूग्रंथ साहिब के स्थापना इतिहास की विस्तार से जानकारी देकर उपस्थित संगत को निहाल किया। इसके उपरांत गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा पीसीएस की परीक्षा पास करने वाली जसमीत कौर पुत्री जसवंत सिंह को सरोपा पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर जसमीत के परिजन भी मौजूद रहे। अरदास के पश्चात संगत को गुरू का अटूट लंगर बरताया गया। इस मौके पर प्रधान जगजीत सिंह, सचिव सतवीर सिंह, श्रद्धा सिंह, सुखवंत सिंह, प्रेम सिंह, मनविन्दर सिंह, गगनदीप सिंह, सुख दयाल सिंह, मनिन्दर कौर, नरेन्द्र कौर, हरमीत कौर,परमजीत कौर, निरवैल कौर, कुलदीप कौर, अरमिन्दर कौर, सीमा अरोरा इन्द्रजीत कौर सहित सैकड़ों की संख्या में संगत मौजूद थी।

# जनसमस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता:डीएम

## तहसील दिवस में जिलाधिकारी ने सुनी समस्याएं

खटीमा (उद संवाददाता)। तहसील दिवस में उठी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए त्वरित निस्तारित करना सुनिश्चित करें, यह निर्देश जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने मंगलवार को तहसील सभागार खटीमा में आयोजित तहसील दिवस में दिये। उन्होने कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है इसलिए तहसील दिवस में पंजीकृत समस्याओं को समय से निस्तारण करते हुए सीएम जन समर्पण पोर्टल पर भी अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा दैवीय आपदा में शासन से 25 करोड़ धनराशि प्राप्त हो चुकी है, 24 हजार आपदा प्रभावितों को सहायता चैक वितरित कर दिए गए है जो कोई और पात्र प्रभावित छूट गए है सर्वे जांच कर उन्हें भी सहायता चैक वितरित करने के निर्देश उप जिलाधिकारी व तहसीलदार को दिए। उन्होंने एक माह में क्षेत्र की सड़को को गड्ढा मुक्त करने के भी निर्देश दिए। तहसील दिवस में विभिन्न प्रमाण पत्र, सड़क, सीसी मार्ग, बिजली, पानी, जल भराव, राहत ,राशन कार्ड, आवास, पेंशन ,आर्थिक सहायता आदि से सम्बन्धित 68 शिकायतें पंजीकृत हुई जिसमे से 27 समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी श्री सिंह ने कहा कि आमजन की समस्याओं का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि तहसील दिवस में उठी जन समस्याओं





का व्यक्तिगत रुचि लेकर समाधान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जो भी छोटी-छोटी समस्याएं आ रही है उन्हे अपने स्तर पर ही समाधान करें ताकि जनता को आनाश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होने कहा कि तहसील दिवस में मौके पर जिन समस्याओं का निस्तारण संभव नहीं हो पाया है, उन समस्याओं को सम्बन्धित विभागों को हस्तगत किया जा रहा हैं, उन सभी समस्याओं का समयबद्धता एवं प्राथमिकता से सम्बन्धित अधिकारी निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सांसद प्रतिनिधि प्रकाश चंद्र पांडे प्राइवेट चिकित्सालयों द्वारा आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद रोगियों को अनावश्यक परेशान करने व गिरे पेड़ को कटाने, खराब सोलर वाटर पंपों की मोटर बदलने का अनुरोध किया , जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्यवाही कर अवगत कराने के निर्देश दिए। मंजू तिवारी ने आर्थिक सहायता दिलाने , ग्राम प्रधान नदन्ना माया देवी ने 250 मीटर सीसी मार्ग, एनएच 125 बाईपास नदन्ना क्षेत्र बने ड्रेनेज में पक्की पिचिंग कराने तथा खकरा नाले में अत्यधिक पानी बहाव के कारण भूमि कटाव व किसानों की फसल नुकसान होने ने शिकायत करते हुए सिंचाई विभाग से खकरा नाले का संरक्षण कार्य कराने का अनुरोध किया, जिस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम को सीसी मार्ग सर्वे करने के साथ ही पी डी एनएच को ड्रेनेज की पक्की पिचिंग कार्य कराने तथा ईई सिंचाई को खकरा नाले का सर्वे कर संरक्षण कार्य प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जगत चंद्र रजवार ने आवास विकास पार्क में स्ट्रीट लाइट खराब होने की शिकायत करते हुए ठीक करने का अनुरोध किया, जिस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम व ईओ को तुरंत कार्यवाही कर लाइट ठीक कराने के निर्देश दिए। कीर्ति खर्कवाल ने उनकी माता का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने का अनुरोध किया, जिस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम को तुरंत मृत्यु प्रमाण बनाने के निर्देश दिए। ग्राम गोसीकुआ मनोहर सिंह ने कहा कि ग्राम गोसीकुआ के लालभट्टा फील्ड से भट्ट गांव के बीच दो विद्युत पोल सड़क के बीच में है जिनसे हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती हैं उन्होंने विद्युत पोल शिफ्ट करने का अनुरोध किया, जिस पर जिलाधिकारी ने ईई विद्युत को तुरंत यथोचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अमाऊं मयूर विहार सेक्टर 02 वार्ड नंबर 9 वासियों ने सीसी मार्ग मरम्मत करने व नाली निर्माण करने का अनुरोध किया, जिस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम व ईओ को सर्वे कराकर प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। तहसील दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गयी तथा 19 आधार कार्ड बनाये गये। तहसील दिवस में अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी, उप जिलाधिकारी रविन्द्र बिष्ट , पीडी हिमांशु जोशी , महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई आनंद सिंह नेगी, लघु सिंचाई सुशील कुमार, जल निगम बी एन चौधरी, जिला समाजकल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, मुख्य उद्यान अधिकारी प्रभाकर सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 एसबी पाण्डे, एसीएमओ डॉ0 राजेश आर्य, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत पर्यटन अधिकारी लता बिष्ट, प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन ,डीपीओ मुकुल चौधरी, एलडीएम एमएस जंगपांगी सहित विभिन्न विभागीय अधिकारीउपस्थित थे।

## पूर्व सैनिक लीग के धामी बने अध्यक्ष,गिरधर सिंह महासचिव

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।पूर्व सैनिक लीग की नई कार्यकारिणी गठित हो गई। एक बैठक में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई। जिसमें सर्वसम्मति से कैप्टन गंभीर सिंह धामी को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस नई कार्यकारिणी में महासचिव पद पर सूबेदार मेजर त्रिलोक सिंह नेगी और पीओ गिरधर सिंह चौहान को मनोनीत किया गया। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैप्टन बच्चन सिंह नेगी, उपाध्यक्ष



कैप्टन नारायण सिंह सोन, जगमोहन सिंह नेगी, कल्याण सिंह रौतेला ,संरक्षक सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की, कैप्टन आत्मा सिंह, रेवाधर भट्ट, सूबेदार मेजर पूरन सिंह, कौषाध्यक्ष हवलदार आनंद सिंह सामंत को नियुक्त किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष सूबेदार मेजर देवी दत्त उपाध्याय ने बताया कि यह कार्यकारिणी 3 साल तक कार्य करेगी और पूर्व सैनिक लीग की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाया जाएगा ।सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी का फूल माला पहनकर स्वागत किया गया।

## अंडर पास की स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों ने खुशी की लहर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। छत्तरपुर ओमेक्स रेलवे अंडरपास निर्माण कार्य को प्रशासन द्वारा हरी झंडी मिलने पर ग्राम वासियों ने नगर निगम के निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह एवं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान सहित अंडरपास निर्माण कार्य कराने के लिए संघर्ष कर रहे ठाकुर जगदीश सिंह, ज्ञान सिंह चौहान, देवेन्द्र सिंह बामल, केशव शर्मा,अनिल रावत, हीरा बल्लभ पाण्डेय को मिठाई खिलाकर, फूल मालाओं से सम्मानित किया ।निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छतरपुर ओमेक्स रेलवे अंडरपास निर्माण कार्य के लिए पिछले दिनों मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सांसद अजय भट्ट एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा से मुलाकात कर क्षेत्रवासियों की रेलवे अंडरपास खुलवाने की वर्षों पुरानी मांग को लेकर ज्ञापन देते हुए विस्तृत रूप से चर्चा की गई थी। जिस पर जिला प्रशासन द्वारा अंडरपास निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाने को लेकर रेलवे अधिकारियों को पत्र भेज दिया गया है। किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने बताया कि जब वह भूररनी के ग्राम प्रधान थे तब से इस रेलवे अंडरपास की मांग



को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे थे यह एक जनहित का मुद्दा है लगभग तीस हजार लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं और शीघ्र ही रेलवे अंडरपास का काम शुरू होना अति आवश्यक था यह हमारी केंद्र सरकार की उपलब्धि है। ठाकुर जगदीश सिंह ने बताया कि छतरपुर रोड से नैनीताल रोड को जोड़ने वाला अहम मार्ग है। इसके आस पास करीबन दर्जनों से अधिक गांव है मार्ग ना होने से करीब तीस हजार की आबादी हर रोज प्रभावित हो रही है ऐसे में अंडरपास ना होने से काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। तमाम साइकिल व बाइक सवार जान जोखिम में डालकर ट्रैक के ऊपर से गुजरते हैं। अंडरपास निर्माण कार्य होने से रुद्रपुर शहर को भी जाम की स्थिति से निजात मिलेगा आसपास रहने वाले हजारों लोगों को जिन्होंने किसी न किसी काम से सिडकुल, जिला चिकित्सालय, विकास भवन, स्पोर्ट्स स्टेडियम, पुलिस लाइन अटरिया मन्दिर रोड, पंतनगर हवाई अड्डा, हल्द्वानी आदि आने जाने के लिए इस मार्ग का इस्तेमाल कर सकेंगे जिससे सबका आवागमन सुगम हो सकेगा इस अंडरपास की मांग सभी ग्रामवासी 2007 से लगातार कर रहे थे। ज्ञान सिंह चौहान, देवेन्द्र सिंह बामल, केशव शर्मा,अनिल रावत ने भी प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मातृशक्ति और युवा शक्ति की अंडरपास खुलवाने में मुख्य भूमिका निभाई है। इस अवसर पर सत्येंद्र शर्मा, अजय चौहान, सुनील कुमार, राजेश शर्मा, सुशील चौहान, शिव कुमार शिब्बू,अनुज पाठक, बबलू सागर, गौरव राजपूत, विक्की सैनी, प्रशांत सिंह गुप्ता, धर्मेंद्र राणा, प्रशांत सिंह , दुर्गाशरण बाजपेई ,विजय वाजपई, राधेश शर्मा,आदेश कुमार, अक्षय गहलोत सहित दर्जनों लोग थे।

## शराब की दुकानें पर छापे,ओवर रेटिंग पर लगाया जुर्माना

रुद्रपुर( उद संवाददाता)।आये दिन मदिरा की दुकानों में ओवर रेटिंग की शिकायत प्राप्त होने पर गम्भीरता से लेते हुए जिलाधिकारी उदयराज सिंह को उप जिलाधिकारियों को मदिरा की दुकानों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी के निर्देशों पर काशीपुर, रूद्रपुर, किच्छा में उप जिलाधिकारियों द्वारा टीम के साथ देशी व विदेशी मदिरा की दुकानों में औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें काशीपुर में उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह द्वारा देशी मदिरा की दुकान जसपुर खुर्द, चौती चौराहा, अनन्या होटल के सामने व विदेशी मदिरा की दुकान स्टेडियम चौराहा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान देशी मदिरा की दुकान जसपुर खुर्द, चौती



चौराहा व विदेशी मदिरा की दुकान निकट स्टेडियम चौराहा में ओवर रेटिंग पायी गयी साथ ही दुकानों में स्टांक पंजिका भी अपडेट नही पायी गयी। उप जिलाधिकारी द्वारा अनुज्ञापियों के विरूद्ध अर्थदण्ड की संस्तुति की गयी। इसी तरह रूद्रपुर में उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट ने टीम के साथ गनिहार खेड़ा रोड जाफरपुर के पास विदेशी मदिरा की दुकान, गल्ला मण्डी, अटरियां सिडकुल रोड, ट्रांजिट कैम्प देशी व विदेशी, गाबा चौक विदेशी मदिरा की दुकान के औचक निरीक्षण के दौरान बीयर व विदेशी मदिरा में आवर रेटिंग पायी गयी। उप जिलाधिकारी द्वारा अनुज्ञापियों के विरूद्ध अर्थदण्ड की संस्तुति की गयी। उप जिलाधिकारी किच्छा कौस्तुभ मिश्र द्वारा बाईपास किच्छा व डीडी चौक किच्छा में विदेशी मदिरा की दुकानों का निरीक्षण किया गया जिनमे निर्धारित रेट से अधिक दरों पर विक्री की जाती पायी गयी तथा स्टांक रजिस्टर की जांच के दौरान स्टांक मेंटेन नही पाया गया। दोनो दुकान अनुज्ञापियों पर अर्थदण्ड लगाते हुए जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी गयी।

## श्रीमद भागवत कथा से पूर्व धूमधाम से निकली कलश यात्रा

रूदपुर (उद संवाददाता)। रम्पुरा स्थित श्री दुर्गा मंदिर में श्री दुर्गा मंदिर सेवा समिति द्वारा श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन से पूर्व भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया । कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने प्रतिभाग किया। उन्होंने कथा स्थल श्री दुर्गा मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की, और उसके बाद कलश यात्रा में प्रतिभाग किया। मुख्य यजमान के रूप में बनारसी दास कोली और उनकी पत्नी ने श्रीमद् भागवत कथा को लेकर कलश यात्रा में सबसे आगे आगे चलकर पुण्य लाभ अर्जित किया । वहीं कथा व्यास बिपिनबिहारी शास्त्री जी भी कलश यात्रा में चल रहे थे



स ढोल नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच दर्जनों कन्याएं सिर पर कलश रखकर कलश यात्रा में शामिल हुई स वहीं श्री दुर्गा मंदिर सेवा समिति की सभी महिलाएं नाच गाकर कलश यात्रा को और अधिक शोभायमान बना रही थी। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा सहित कांग्रेस नेता अनिल शर्मा,विजय गुप्ता,हिम्मत राम कोली, मंदिर कमेटी की अध्यक्ष चंद्रकली, कोषाध्यक्ष माया देवी, श्रीमती सरोज रानी, जमुना कोली, राममूर्ति देवी, भूरी देवी, कुसुम देवी, ओमवती देवी, कमला देवी, कमलेश पाल,आशा देवी, वीना रस्तोगी, पार्वती देवी, रानी कोली, मिथलेश पाल, राममूर्ति, हरप्यारी, गंगा देवी, लक्ष्मी देवी, कांति देवी, सहित बड़ी संख्या में अन्य महिलाएं उपस्थित थी स मंदिर कमेटी की अध्यक्ष चंद्रकली कोली ने बताया कि 3 सितंबर से प्रारंभ होने वाली श्रीमद् भागवत कथा 10 सितंबर तक चलेगी ।उन्होंने सभी धर्म प्रेमी जनता से श्रीमद् भागवत कथा में पहुंचकर पुण्य लाभ लेने का आव्हान किया है।

## शराब की दुकान से नगदी व डीवीआर चोरी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अज्ञात चोरों ने बैलपड़ाव में विदेशी मदिरा व देशी मदिरा की दुकानो का ताला तोड़ वहां एस हजारों रुपए की नगदी, शराब की बोतलें व सीसीटीवी की डीवीआर आदि चोरी कर ले गए। मामले की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। ग्राम गेबुआ नैनीताल निवासी विपिन कांडपाल पुत्र स्व. राधा बल्लभ कांडपाल ने दी तहरीर में कहा है कि उसकी बेलपड़ाव अंग्रेजी तथा देसी शराब की दुकानें हैं। 2 सितंबर को रात्रि लगभग 10:30 बजे उसके सेल्समैनों विक्रेता कपिल बेलवाल, सुरेन्द्र सिंह व सौरभ बिष्ट द्वारा दोनों दुकानों में ताला लगाकर घर चले गये। दूसरे दिन 3 सितंबर को प्रात: 9 बजे आकर दुकानें खोली तो पाया कि दुकान में पीछे के दरवाजे में नीचे की तरफ से गड्ढा बनाकर दुकान में घुसकर अज्ञात चोरों द्वारा दोनों दुकानों के गल्ले तोड़कर उसमें रखे पैसे ले गये। जिसमें विदेशी मदिरा में बोतलों सहित व गल्ले में रखे रूपये मिलाकर कुल चौबीस हजार आठ सौचालीस रूपये व देशी दुकान के गल्ले से चार हजार दौ सौ सत्तर रूपये चोरी करके ले गये व सीसी टीवी कैमरों की डीवीआर भी ले गये हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## केदारनाथ धाम प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा 12 सितम्बर से फिर होगी शुरू

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता नीरज तिवारी ने बताया की श्री केदारनाथ धाम प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा जो केदारनाथ में दैविक आपदा की वजह से स्थगित कर दी गई थी अब वह आगामी 12 सितंबर से पुन: सीतापुर से प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में प्रारंभ होगी और 13 को केदारनाथ जी में जलाभिषेक कर तीर्थ पुरोहितों से मुलाकात की जाएगी। उन्होंने बताया कि यात्रा का उद्देश्य भाजपा द्वारा देशभर में नफरत की राजनीति कर धर्म के दुरुपयोग का पुरजोर विरोध करना व आमजन को भाजपा की असलियत बताने के लिए यह यात्रा निकाली जा रही है। जबकि कांग्रेस हमेशा देश में एकता अखंडता और सौहार्द की पक्षधर रही है। केदारनाथ गर्भ गृह से सोना चोरी के मामले में भाजपा का असली चेहरा सामने लाने के लिए यात्रा निकाली जा रही है। शंकराचार्य का काम बीजेपी अपने फायदे के हिसाब से कर रही है। जबकि राजनीति करने वालों को राजनीति का काम करना चाहिए और धर्म का कार्य धर्माचार्यों पर छोड़ देना चाहिए।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# जातिगत जनगणना का उपयोग

जातिगत जनगणना के औचित्य पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सकारात्मक रुख से माना जा रहा है कि सरकार इस दिशा में गंभीरता से विचार कर सकती है। हालांकि विपक्षी दलों को इतने भर से संतोष नहीं है। वे चाहते हैं कि संघ और भाजपा इस पर अपना रुख स्पष्ट करें, केवल 'उपदेशात्मक' बात न करें। दरअसल इस विषय पर फिर से चर्चा इसलिए छिड़ गई है कि केरल के पलक्कड़ में संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय स्वयंसेवक बैठक के अंतिम दिन उसके अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने प्रेस कांफ्रेन्स कर कहा कि जातिगत जनगणना का उपयोग राजनीतिक या चुनावी उद्देश्य के लिए नहीं किया जाना चाहिए। इसका इस्तेमाल पिछड़ रहे समुदायों और जातियों के कल्याण के लिए होना चाहिए। अभी तक संघ और भाजपा इस मसले पर कुछ भी कहने से बचते आ रहे थे। जातिगत जनगणना का मुद्दा असल में, पिछले कुछ समय से कांग्रेस काफी जोर–शोर से उठा रही है। कर्नाटक चुनाव से लेकर लोकसभा चुनाव तक में उसने इस पर जोर दिया। राहुल गांधी अपने हर भाषण में यह मुद्दा उठाते देखे जाते हैं। इसलिए कुछ लोगों का मानना है कि भाजपा और आरएसएस को लगने लगा है कि इस विषय में लंबे समय तक चुप्पी साधे रहना नुकसानदेह हो सकता है। इसीलिए वे अब जातिगत जनगणना को उचित बताने लगे हैं। आरक्षण का मुद्दा पिछले कुछ वर्षों में काफी संवेदनशील हो चुका है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि ज्यादातर दल इसका इस्तेमाल अपना जनाधार बढ़ाने, आरक्षण से वंचित जातियों को अपने पाले में खींचने के मकसद से ही करते रहे हैं। मगर संवैधानिक बाध्यताओं के चलते राज्य सरकारें पचास फीसद की सीमा पार नहीं कर पातीं। कुछ वर्ष पहले केंद्र सरकार ने भी आरक्षण का दायरा बढ़ा कर उसमें कुछ और जातियों को शामिल किया था। मगर तमाम प्रयोगों के बावजूद आरक्षण को लेकर बहुत सारे समुदायों और जातियों में असंतोष बना हुआ है। ऐसे में सिद्धांत रूप में यह उपाय निकाला गया कि जातिवार जनगणना होनी चाहिए और जिस जाति की जितनी संख्या हो, उसी आधार पर आरक्षण तय किया जाए। इसके लिए संविधान संशोधन हो। सर्वोच्च न्यायालय ने भी पिछले दिनों व्यवस्था दी कि मलाईदार तबके को आरक्षण की व्यवस्था से बाहर रखा जाना चाहिए और जातियों के भीतर उपजातियों का भी वर्गीकरण होना चाहिए। मगर इस व्यवस्था के विरोध में बहुजन समाज पार्टी ने देशव्यापी आंदोलन कर दिया था। कोई भी राजनीतिक दल आरक्षण के प्रावधान का सैद्धांतिक रूप से विरोध नहीं कर सकता। अब जिस तरह कांग्रेस ने जातिगत जनगणना को बड़ा मुद्दा बना दिया है, उसमें हर पार्टी को अपना जनाधार संभालने की चिंता पैदा हो गई है। इसलिए यह कहना कि इसका राजनीतिक इस्तेमाल नहीं होना चाहिए, आदर्श वाक्य जैसा हो सकता है। मगर वास्तव में सभी दल इसके जरिए अपना राजनीतिक हित साधने के प्रयास कर रहे हैं। यह तो सही है कि वंचित समुदायों और जातियों को उनकी संख्या के आधार पर वरीयता देकर ही उनके कल्याण की उम्मीद बन सकती है।

# अंडरपास की स्वीकृति मिलने पर डीएम और एसडीएम को किया गया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लम्बे समय से चली आ रही अंडर निर्माण की मांग पूरी होने पर ग्रामीणों ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल एवं किसान नेता ठाकुर जगदीश सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी उदय राज सिंह एवं एसडीएम मनीष बिष्ट का स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। बता दें पिछले कई वर्षों से भूरारानी क्षेत्र के ग्रामीण रेलवे अंडर पास निर्माण की मांग कर रहे थे, इसके लिए कई बार ग्रामीणों ने आंदोलन किये। जिलाधिकारी ने जनभावनाओं को देखते हुए अंडर पास निर्माण की समस्या का समाधान निकालने के लिए समिति गठित की थी। समिति की रिपोर्ट के आधार पर अंडर पास निर्माण की स्वीकृति मिल गयी है। अंडर पास निर्माण की स्वीकृति मिलने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल एवं किसान नेता ठाकुर जगदीश सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी उदय राज सिंह और उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट का माल्यार्पण कर स्वागत किया और शॉल ओढाकर सम्मानित किया। साथ ही बीस सूत्रीय कार्यक्रम में जिले को प्रथम स्थान मिलने पर भी डीएम को बधाई दी दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि बहुप्रतीक्षित अंडर पास का निर्माण होने से फौजी मटकोटा, छत्तरपुर, भूरारानी, धर्मपुर, बिंदुखेड़ा, अर्जुनपुर, रायपुर सहित कई गांवों और कालोनियों के निवासियों एवं सिडकुल की फैक्ट्रियों तथा सरकारी कार्यालयों में काम करने वाले लोगों को अंडर पास निर्माण का लाभ मिलेगा। ठाकुर जगदीश सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की जनता के लिए अंडर पास बनना वास्तव में न्ययोचित व व्यापक जनहित में है। इससे रूद्रपुर में जाम की समस्या से भी निजात मिलेगी। साथ ही छत्तरपुर, अशोका लीलेंड के पास स्थित रेलवे क्रासिंग पर लगने वाले जाम से भी छुटकारा मिलेगा। सिडकुल में काम करने वाले हजारों श्रमिकों को भी अंडर पास का लाभ मिलेगा। इस दौरान देवेन्द्र मलिक, संजय ठुकराल, श्याम सिंह चौहान, दीपक, देवेन्द्र वामल, अनिल रावत, ज्ञान सिंह चौहान, दीप नारायण मौर्य, रघुराज सिंह रावत, भूषण सिरोही, हरेन्द्र सिंह, केशव शर्मा, रविन्द्र सिंह धामी, एचबी पाण्डे, ललित बिष्ट, विद्या राम, बल्देव छाबड़ा, बबलू सागर, देवेन्द्र बिष्ट, विजय यादव, जगदीश सुखीजा, राजकुमार भुसरी, सुधीर अरोरा, विपिन राजपूत, सहित तमाम लोग मौजूद थे।





# मैं पक्का ठाकुर हूं.. मेरा मुंह खुलवाया तो उत्तराखंड में आएगा भूचाल!

## पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह का बयान सोशल मीडिया पर वायरल: सबकी मनी लॉड्रिंग की जांच कराओ, फिर मैं बताऊंगा कौन क्या है?

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड की राजनीतिक विरासत में अपने पैर जमा चुके पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत के एक बयान से सियासत फिर गरमा गई है। दरअसल कांग्रेस के भीतर मची बगावत के मसीहा माने जा रहे हरक सिंह रावत से ईडी की पूछताछ चल रही है। इसी बीच अब उन्होंने कहा कि कुछ लोग मुझे लक्ष्य बना रहे हैं। लंबे समय तक शांत रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत ईडी की 12 घंटे की पूछताछ के बाद मुखर हो गए हैं। अपने पुराने अंदाज में हरक ने कहा कि मेरा मुंह खुलवाया तो उत्तराखंड ही नहीं देश की राजनीतिक में भूचाल आएगा। बिना नाम लिए उन्होंने कहा, कुछ लोग जानबूझ कर मुझे लक्ष्य बना रहे हैं। ईडी जांच के बाद हरक सिंह रावत का यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिनके घर कांच के हो, उन्हें दूसरों के घरों पर पत्थर नहीं डालना चाहिए। मैं शांत हूं। लेकिन मेरा मुंह खुलवाया तो उत्तराखंड ही नहीं, देश की राजनीति में भूचाल आएगा। मैं प्यार से गला भी कटवा दूंगा। मगर डरा धमका कर गला कटाने पर मरना पसंद करुंगा, पर झुकना पसंद नहीं करुंगा। मैं पक्का ठाकुर हूं। मैंने भाजपा नहीं छोड़ी थी। लेकिन मुझे जबरन निकाला गया। 2016 में जब मैं भाजपा में शामिल हुआ था। उस समय तय किया था कि अब भाजपा में ही रहूंगा। आज भाजपा सिर्फ हथकंडे अपना रही है। कांग्रेस व भाजपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहते हुए मैंने सबके काम किए। कांग्रेस सरकार में मंत्री रहते मैंने भाजपा नेताओं के काम कराए। वहीं भाजपा सरकार में मंत्री रहते हुए कांग्रेस नेताओं के काम कराए। लेकिन आज कुछ लोग जानबूझ कर लक्ष्य बना रहे हैं। जिनके दामन साफ नहीं है। सबकी मनी लॉड्रिंग की जांच कराओ, फिर मैं बताऊंगा कौन क्या है।



## हरीश भाई कुछ भी कहें, मैं आज नहीं छोडूंगा कांग्रेस

देहरादून( उद संवाददाता)। उत्तराखंड में पूर्ववर्ती त्रिवेंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे डा. हरक सिंह रावत के खिलाफ सीबीआई और ईडी की जांच को लेकर सियासत भी तेज हो गई है। इतना ही नहीं 2016 की बगावत पर भी हरक का मर्म फूट गया है। हरक सिंह रावत ने भाजपा और कांग्रेस में अपनी उपेक्षा को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। वहीं अब हरक सिंह रावत ने अपने राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोशल मीडिया पर कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है जिसमें उन्होंने कई बातों को उजागर करने के साथ अपने राजनीतिक कार्यकाल की घटनाओं का भी जिक्र किया है। हरक सिंह रावत ने कहा कि भाजपा में मुझे परेशान किया जा रहा था। हरक यहीं नहीं रूके उन्होंने कहा कि 2016 में बेड़े भाई हरीश ने मेरी कोई बात नहीं सुनी। भाजपा में शामिल होने के बाद मुझे प्रदेश का भला नहीं करने दिया। मेरे पास दो रास्ते है। या तो मै राजनीतिक सन्यास ले लू। दूसरा मैने डेनिश शराब को लेकर सवाल उठाये थे । 2016 की उस बात पर प्रायश्चित करू तो हरीश भाई (तत्कालीन सीएम ) ने पहले हां कहा और सुबह मुकर गये। 1998 से मैने कांग्रेस के साथ कंधे से कंधे मिला काम किया है। मै आज कांग्रेस को नहीं छोडूंगा। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम हरीश रावत ने जो कहा हो चाहे बैल कहा बल्द कहा हम कोई आपत्ति नहीं करते है। हां हरीश भाई 2016 की एक बात से सहमत हो जाते और अगर सुबोध उनियाल को मंत्री बना दिया जाता और विजय बहुगुणा को राज्य सभा भेजा जाता तो आज कांग्रेस इतनी कमजोर नहीं होती।

## पूरा उत्तराखड भी चाहता है दूध का दूध और पानी का पानी हो !

### पाखरो रेज घोटाले की जांच पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट बोले : हरक कर रहे हैं ईडी को सहयोग

देहरादून( उद संवाददाता)। पाखरो रेंज घोटाला मामले में पूर्व कैबिनेट हरक सिंह रावत से पूछताछ जारी है। सीबीआई और ईडी इस मामले में जांच कर रही है। बीते दिन ईडी के नोटिस पर हरक सिंह रावत ईडी दफ्तर पहुंचे। जहां उनसे करीब 12 घंटे तक पूछताछ की गई। इस मामले पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि पूरा उत्तराखड चाहता है दूध का दूध और पानी का पानी हो। पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत के द्वारा ईडी में पेश होने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हरक सिंह ईडी को सहयोग कर रहे हैं। हरक सिंह रावत की मांग पर ही ईडी पाखरों रेंज में हुए अवैध पेड़ कटान और अवैध निर्माण की जांच कर रही है। जो तथ्य हरक सिंह रावत के पास है उन्हें वो ईडी के सामने रखना चाहिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि पाखरो रेंज घोटाला मामले में पूरा उत्तराखंड भी चाहता है कि दूध का दूध और पानी का पानी हो। अब जब मामले की सीबीआई और ईडी के द्वारा जांच की जा रही है तो मामले पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। आपको बता दें कि सीबीआई ने इस मामले में साल 2023 में मुकदमा दर्ज किया था। बताया जाता है कि जिम कार्बेट टाइगर रिजर्व की पाखरो रेंज में 106 हेक्टेयर वन क्षेत्र में टाइगर सफारी का निर्माण होना था। लेकिन 2019 में इसका निर्माण कार्य बिना अनुमति के ही शुरू कर दिया गया। इस मामले में अधिकारियों ने ठेकेदारों की मिलीभगत से 215 करोड़ रुपए बर्बाद कर दिए थे। इस मामले में पिछले साल विजिलेंस के हल्द्वानी सेक्टर में मुकदमा दर्ज किया गया था। विजिलेंस ने इस मामले में जांच के बाद बृजबिहारी शर्मा को गिरफ्तार किया था। इसके बाद पूर्व डीएफओ किशनचंद को भी गिरफ्तार किया गया था। अगस्त 2023 में विजिलेंस ने हरक सिंह रावत और उनके परिचितों के संस्थानों पर छापेमारी की थी। मामले की जांच आगे बढ़ती इससे पहले ही हाईकोर्ट के आदेश पर जांच सीबीआई को सौंप दी गई। अब इस मामले में ईडी और सीबीआई की जांच जारी है।



# सितारगंज अस्पताल को 8 माह में मिले 7 डॉक्टर

## कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के प्रयासों से प्रगति पर स्वास्थ्य सेवाएं

सितारगंज(उद संवाददाता)। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के प्रयासों से



नगर की स्वास्थ्य सेवाएं प्रगति पर पहुंच रही हैं। उन्होंने अस्पताल की भव्य बिल्डिंग का 8 माह पूर्व निर्माण कराकर सीनियर फिजिशियन, निश्चेत्क डॉक्टर समेत अस्पताल में सात डॉक्टरों की तैनाती करा दी। डॉक्टरों की तैनाती से अस्पताल में ओपीडी मरीजों की संख्या चार गुना पहुंच गई। जिसका हर वर्ग के तबके को लाभ मिल रहा हैं। स्वास्थ्य सेवाओं में और अधिक आधुनिक बदलाव के लिए सीएचसी को उप जिला चिकित्सालय का दर्जा भी कैबिनेट मंत्री ने सौगात के रूप में आमजन को दिया हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से उप जिला चिकित्सालय में परिवर्तित सरकारी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के प्रयासों से 8 माह के भीतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रगति पर पहुंच गई। दिसंबर माह में अस्पताल की भव्य बिल्डिंग का निर्माण हुआ। इसके बाद अस्पताल का कैबिनेट मंत्री ने उच्चिकरण कराकर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। इस आठ 8 माह के अंतराल में सरकारी अस्पताल में सात डॉक्टरों की तैनाती कर स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ बना दिया गया। जिसका स्वास्थ्य लाभ आमजन को मिल रहा है। सरकारी अस्पताल में पूर्व में डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों की ओपीडी 100, 150 के बीच रहती थी। जो अब बढ़कर 450 पहुंच चुकी है। मरीजों की बढ़ती ओपीडी इस बात का उदाहरण है कि अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं प्रगति पर पहुंच गई है।

### यह डॉक्टर दे रहे दिन रात सेवा

सितारगंज। सीएचसी से उप जिला चिकित्सालय में परिवर्तित अस्पताल के वर्तमान समय में सीनियर फिजिशियन डॉक्टर एसए अब्बास, डॉक्टर संदीप कौर, डॉक्टर रविन्द्र सिंह, डॉक्टर अतुल कुमार यादव, डॉक्टर लक्ष्मण सिंह वृजवाल, निश्चित के अलावा मंगलवार की शाम को टीबी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कुलदीप सिंह यादव, डॉक्टर रीना की चंपावत से सितारगंज अस्पताल में नवीन तैनाती हुई हैं।

# मृतक देव से मारपीट के तीन आरोपी पकड़ से बाहर

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। शेरवुड कॉलेज के छात्र देव के साथ हुई मारपीट के आरोपियों को पुलिस 27 दिन बाद



भी गिरफ्तार नहीं कर पायी है, जबकि देव के साथ हुई मारपीट करने वाले आरोपियों की वीडियों फुटेज परिजन पुलिस को उपलब्ध करा चुके हैं। जिसमें अराजक तत्वों द्वारा देव के साथ की गयी बर्बरता को साफ देखा जा सकता है। पुलिस की लचर कार्यशैली के चलते देव के साथ मारपीट करने के 3 आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। बता दें कि शेरवुड कॉलेज के छात्र देव के साथ नैनीताल रोड़ पर बीते 9 अगस्त को अराजक तत्वों द्वारा उस समय मारपीट की गयी जब वह भुजियाघाट में अपने किसी सहपाठी के जन्मदिन की पार्टी में शामिल होकर वापस अपनी कार से घर आ रहा था। इसी दौरान देव की कार से एक व्यक्ति टकरा गया था। बाद में कुछ अराजक तत्वों द्वारा देव का पीछा करने के बाद उसके साथ जमकर मारपीट की। इस घटना से डरे सहमे देव ने अगले दिन 10 अगस्त को अपने दमुवाढुंगा स्थित आवास पर मौत को गले लगा लिया था, देव के परिजन जब देव को ढूढ़ते हुये दमुवाढूंगा स्थित आवास पर पहुचे तो देव उन्हें पंखे से लटका हुआ मिला था। इकलौते बेटे देव की मौत से बदहवास पिता देव के साथ मारपीट करने के आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर जब एसएसपी नैनीताल प्रह्लाद नारायण मीणा से मुलाकात कर उनसे आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की तो पुलिस इस मामले को लेकर कुछ संजीदा हुयी और पुलिस ने जैसे तैसे आरोपियों में शामिल एक आरोपी रेहान को उत्तर प्रदेश के रामपुर से गिरफ्तार कर लिया। लेकिन इसके बाद काठगोदाम पुलिस फिर से सुस्त पड़ गयी। देव के साथ मारपीट में शामिल अर्फराज नसीम, कृष्ण व तनिष्क अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। जबकि इस मामले में काठगोदाम थाने में दर्ज एफआईआर में बीएनएस की धारा 115, 108, 309 (4), 324(2), 351(3) और 352 के तहत हत्यारोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज है।क्षेत्राधिकरी नितिन लोहनी ने बताया आरोपियों में से एक व्यक्ति की गिरफ्तारी कर ली गई है बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगातार कार्य कर रही हैं जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पनचक्की चौराहे से कमलुवागांजा तक नहर कवरिंग के निर्माण का अनुमोदन

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने नैनीताल के कालाढूंगी के तहत पनचक्की चौराहे से कमलुवागांजा तक 8.2 कि0मी0 लम्बी नहर कवरिंग के निर्माण के प्रस्ताव को सचिवालय में आयोजित व्यय वित्त समिति की बैठक में अनुमोदन दिया।मुख्य सचिव ने इस योजना के निर्माण की गुणवत्ता बनाए रखते हुए समयबद्धता से पूरा करने के निर्देश दिए। नहर के कवरिंग व सुदृढ़ीकरण से मार्ग की चौड़ाई बढ़ने से चौफला, कठघरिया, कमलुवागांजा, घुनी, भगवानपुर एवं रामणी की आबादी लाभान्वित होगी।बैठक में मुख्य सचिव ने योजना के निर्माण के दौरान ग्राउण्ड वाटर रिचार्ज व पौधारोपण पर विशेष रूप से ध्यान देने के भी निर्देश दिए। योजना के निर्माण की अवधि 12 माह प्रस्तावित की गयी है। इस योजना की लागत 1245.64 लाख रूपये है।सीएस ने कहा कि कॉलटैक्स-पनचक्की से लेकर चौफुला-कठघरिया तक नहर कवरिंग एवं मार्ग का चौड़ीकरण करने से यह मार्ग एक 2 लेन बाईपास के रूप में कार्य करेगा। जिसके फलस्वरूप नैनीताल से दिल्ली/देहरादून वाया बाजपुर/रामनगर, कॉर्बेट नेशनल पार्क को आने जाने वाले यात्रियों के लिए यह उपयोगी सिद्ध होगा। इससे हल्द्वानी शहर के यातायात घनत्व को कम किया जा सकता है। इस दौरान बैठक में सचिव श्री पंकज कुमार पाण्डेय, अपर सचिव डा. अहमद इकबाल, श्री विनीत कुमार सहित लोक निर्माण विभाग एवं सिंचाई विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# जनसुनवाई में ओबीसी सर्वेक्षण को लेकर लिये गये सुझाव

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। एकल सदस्यीय समर्पित आयोग के अध्यक्ष, न्यायमूर्ति (भूतपूर्व) बी एस वर्मा, माननीय उच्च न्यायालय नैनीताल ने शहरी निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के सर्वेक्षण की कार्यवाही के परिप्रेक्ष्य में आयोग के अध्यक्ष द्वारा संदर्भित प्रकरण में शहरी विकास विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श एवं शहरी स्थानीयों निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधियों व अन्य हितबद्ध जन सामान्य के साथ जनसुनवाई की। इस दौरान बैठक में पहुंचे जिले के हितबद्ध नागरिकों के सुझाव लिए गए एवं उनके सुझावों पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान नगर निकायों के आरक्षण आदि के पहलुओं पर भी चर्चा की गई। श्री वर्मा ने बताया कि निकाय चुनावों में राज्य से बाहर का कोई भी व्यक्ति प्रतिभाग नहीं कर सकेगा। साथ ही कहा कि 2 संतान से अधिक के माता पिता भी चुनाव में प्रतिभाग नहीं कर सकेंगे। इस दौरान जिला विकास अधिकारी एसके पंत अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका परिषद भरत त्रिपाठी समेत अन्य उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष...

**मुख्यमंत्री ने पुलिस ...**कर्मचारियों के होश उड़ गये। श्री धामी ने अपने औचक निरीक्षण के दौरान पुलिस मुख्यालय के विभिन्न कार्यालयों और अनुभागों का बहुत ही बारीकी से निरीक्षण करते हुये वहां की कार्यप्रणाली की जानकारी हासिल की। इसके साथ ही श्री धामी ने अधिकारियों से केसों की जानकारी हासिल करते हुये उनकी प्रगति के बारे में पूछा। मुख्यमंत्री श्री धामी ने अपने औचक निरीक्षण के दौरान हरिद्वार,चमोली उधमसिंहनगर और अल्मोड़ा समेत उत्तराखंड में हुई घटनाओं पर नाराजगी जताते हुए पुलिस अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने डीजीपी उत्तराखंड अभिनव कुमार और देहरादून के एसएसपी अजय सिंह के साथ बैठक कर अलग अलग घटनाओं पर फीडबैक भी लिया।

**बुजुर्ग ने दोस्त की बेटी के......**ने हल्द्वानी पहुंचने के बाद उसके साथ गलत हरकतें करनी शुरू कर दीं। उसके विरोध करने पर उसे धमकाया। जब उसकी तबीयत खराब हो गई, तो जुबैर आलम ने उसे 19 जुलाई 2024 को उसके घर भेज दिया। घर पहुंचकर मुस्कान ने अपनी बहनों को घटना के बारे में बताया, लेकिन किसी ने उस पर विश्वास नहीं किया। युवती के अनुसार, 13 अगस्त 2024 को जुबैर आलम ने उसे फिर से अपने घर बुलाया। वहां आकर जुबैर आलम ने लगातार उसके साथ बलात्कार किया और शारीरिक शोषण किया। आरोप है कि उसने फोन से वीडियो बनाया और उसे वायरल भी किया। युवती ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। **वाहन चेकिंग के दौरान छात्रों और. ........**वह पुलिस के साथ उलझ गये। काफी देर तक छात्रों और पुलिस के बीच नोंक झोंक हुई। बाद में पुलिस मौके से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता हीरा सिंह भंडारी को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आयी। इसकी जानकारी मिलने पर छात्र भड़क गये। उन्होनें रात्रि में ही कोतवाली पहुंचकर हंगामा किया। इस दौरान कोतवाल का पुतला भी फूंका गया। बुधवार को भ्ज्ञी छात्र नेताओं ने पुलिस के खिलाफ कोतवाली के बाहर धरना प्रदर्शन करते हुए कोतवाल और महिला कांस्टेबल को बर्खास्त करने की मांग की। मामले को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता हीरा सिंह भंडारी का आरोप है कि वह अपने एक अन्य साथी के साथ लखनपुर से आ रहे थे इसी बीच एक महिला सिपाही द्वारा जबरन उनकी गाड़ी की चाबी निकाल कर अभद्रता की गई। साथ ही उनका आरोप है कि मौके पर मौजूद कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने उनके साथ हाथापाई की। उनको लात मार कर जबरन थाने लाया गया। वहीं मामले में कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि चेकिंग के दौरान उक्त छात्र नेता द्वारा ड्यूटी पर तैनात महिला पुलिसकर्मी और अन्य पुलिस कर्मियों के साथ हाथापाई करने का प्रयास किया गया ।उन्होंने बताया कि छात्र नेता को कोतवाली लाकर सरकारी अस्पताल में मेडिकल कराया गया जहां मेडिकल में छात्र नेता के शराब पीने की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि इसके बाद पुलिस द्वारा संबंधित धाराओं के तहत छात्र नेता का चालान कर उसे थाने से ही जमानत दे दी गई। कोतवाल का कहना है कि छात्रों द्वारा पुलिस पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। इस संबंध में उन्होंने आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करने की भी बात कही ।

**बंगाली समाज के उत्थान को कार्य...........**रही है और बंगाली समाज बीजेपी का सहयोगी रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सदैव समाज के हर वर्ग को साथ लेकर विकास के पथ पर अग्रसर है ऐसे में यदि कोई विधायक बयान दे देते हैं तो उसकी गंभीरता से ना लिया जाए। क्योंकि भाजपा ऐसे किसी भी व्यक्तिगत बयान से समर्थन नहीं करती। मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में राज्य का चहुमुखी विकास किया जा रहा है और केंद्र तथा राज्य सरकार मिलकर सर्व समाज के हित के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनपद उधम सिंह नगर में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस सदैव तत्पर है और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए सरकार कड़े से कड़े कदम उठा रही है। महिला अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए सरकार काफी गंभीरता से कार्य कर रही है। हर मामले का आरोपी सलाखों के पीछे होगा। सरकार राज्यवासियों को भयमुक्त वातावरण देने के लिए वचनबद्ध है।

**बहन को वीडिया काल कर भाई.........**की मौत सें परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

**स्मैक समेत तस्कर गिरफ्तार.......**शिवालिक विहार फेस-2, कैनाल रोड बताया। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 3.75 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

**गैस सिलेंडर में आग से दंपत्ति.......**को काबू किया और आनन फानन में तीनों लोगों को उपचार के लिए रामनगर राजकीय चिकित्सालय लेकर आये। यहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए तीनों को सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रैफर कर दिया गया।

# गरीब बालक के इलाज के लिए मदद को बढ़े हाथ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिर में पानी भरने के कारण गंभीर बालक के इलाज के लिए कई समाजसेवियों ने मदद के हाथ बढ़ाये हैं। जानकारी के मुताबिक दूधिया नगर निवासी मोनू के छह वर्षीय पुत्र प्रिंस के सिर में पानी भर गया है। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने पर कुछ लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से मदद मांगी। जिस पर कई लोगों ने मदद को हाथ बढ़ाये हैं। वहीं मामले की



जानकारी मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता डा. रजनीश बत्रा ने बालक के उपचार के लिए तुरंत एसीएमओ डा. मलिक से संपर्क किया। एसीएमओ ने बाल रोग विभाग के डा. हितेश व पूरन को बालक का हाल जानने और उपचार मुहैया कराने के लिए कहा। जिस पर रजनीश बत्रा के साथ डा. हितेश, पूरन एवं समाजसेवी संजय ठुकराल बालक के घर पहुंचे और बालक का हाल जाना। टीम ने परिवार को बताया कि एम्स या राममूर्ति अस्पताल में बालक का उपचार नि:शुल्क हो सकता है, जिस पर बालक के पिता ने बताया कि उन्हें कई लोगों ने प्राईवेट अस्पताल में उपचार कराने के लिए आर्थिक सहायता दी है। जिससे वह बालक का उपचार प्राईवेट अस्पताल में करायेंगे। डा. रजनीश बत्रा ने बालक के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

# राष्ट्रीय पोषण माह का हुआ शुभारंभ

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। खेदत स्थित शकुंतला पाल के आंगनवाड़ी केन्द्र में बाल विकास योजना के तहत राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ किया गया। शहर में खेड़ा सेक्टर की ओर से पोषण को बढ़ावा देने और कुपोषण को मिटाने के लिए सातवें राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।



सुपरवाइजर रीता मैडम द्वारा शकुंतला पाल की आंगनवाड़ी में सभी महिलाओं और बच्चों को बताया कि एक से 30 सितंबर तक गर्भवती महिलाओं, किशोरियो एवं स्तनपान कराने वाली माता, बच्चों में बौनापन आदि को लेकर जागरूक किया जाना है। जिसकी जमीनी स्तर पर योजना तैयार की गई है। इस मायके पर कार्यकत्री शकुंतला पाल, सहायिका मंजू कांडपाल, राधा, सुनीता, सरिता, नगमा, सिद्धि, साक्षी, शिफा, अंशिका आदि लोग मौजूद थे।

# दहेज उत्पीड़न में आठ नामजद

काशीपुर(उद संवाददाता)। दहेज उत्पीड़न के एक मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति सास ससुर समेत आठ लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर बड़े गुरुद्वारे के समीप मोहल्ला पक्का कोट निवासी रेनू पत्नी योगेश ने बताया कि उसकी शादी को अभी कुछ समय बीते। विवाहिता ने पुलिस को बताया कि दहेज में चार पहिया गाड़ी के लिए उसके पति योगेश पुत्र प्रेमसिंह, ससुर प्रेम सिंह, सास मुनिया, नन्द द्रोपदी, विजय पुत्र प्रेम सिंह, गीता पत्नी विजय, बृज किशोर एवं पड़ोस में रहने वाला संजय आपस में एक राय होकर दहेज की खातिर उसका बुरी तरह उत्पीड़न कर रहे हैं। विवाहिता का आरोप है कि उपरोक्त लोगों ने उसका जीना मुहाल कर दिया। दहेज में कार न मिलने के कारण उसे मौत के घाट उतारने का भी प्रयास किया गया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि दहेज लोभियों ने इस धक्के मार कर घर से निकाल दिया। इस मामले में पुलिस ने उपरोक्त आठों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# कार से अवैध कच्ची शराब बरामद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गश्त करते पुलिस कर्मियों को देखकर एक नशा तस्कर कार छोड़ मौके से फरार हो गया। पुलिस ने तलाशी के दौरान कार से 105 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद की। जानकारी के अनुसार उनि दिनेश चन्द्र भट्ट कानि भुपेन्द्र जीना क्षेत्र में गश्त करते चामुण्डा मन्दिर पर पहुँचे तो अन्दर गली के पास एक कार खडी दिखायी दी। जिसमे से एक व्यक्ति पीछे की डिक्की खोलकर कुछ कट्टे मे भरा सामान निकाल रहा था शक होने पर जब पुलिस कर्मी वहां पहुंचे तो सामान निकाल रहा व्यक्ति अपना वाहन मौके पर ही खडा कर भाग गया। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो कार में रखे दो कट्टों में कुल 105 पाउच अवैध कच्ची शराब के बरामद हुए। कार का नम्बर यूके 06 0638 अंकित था। पुलिस ने कार व बरामद शराब अपने कब्जे में लेकर अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# घर के बाहर खड़ी की हुई बाइक चुराई

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। वाहन चोरों ने घर के बाहर खड़ी बाइक चुरा ली। पीड़ित ने पुलिस शिकायत दर्ज कर बाइक बरामदगी की गुहार लगाई है। हल्द्वानी के दुर्गा कालोनी निवासी मो. इस्माइल अशरफी ने थाना बनभूलपुरा में अपनी मोटरसाइकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी बाइक घर के बाहर खड़ी थी। कुछ देर बाद जब वह घर से बाहर आया तो उसकी बाइक गायब थी। उसने बाइक की ढूंढ खोज भी लेकिन बाइक का सुराग नहीं लगा। उसने पुलिस से बाइक बरामदगी की गुहार लगाई है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# अपराधी को पकड़ेंगे और माल भी बरामद करेंगे : डीजीपी

## हरिद्वार में हुई अब तक की सबसे बड़ी डकैती में यूपी और हरियाणा से जुड़े बदमाशों के तार

### डीजीपी अभिनव कुमार ने किया ज्वेलर्स के शोरूम निरीक्षण: कहा, हमें चुनौती स्वीकार दुस्साहस करने वाले बदमाशों का अब पुलिसिया ढंग से स्वागत करेगी उत्तराखंड पुलिस

हरिद्वार(उद संवाददाता)। श्री बालाजी ज्वेलर्स के शोरूम में हुई डकैती की घटना के बाद पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार मंगलवार रात हरिद्वार पहुंचे। उन्होंने डामकोठी में एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल और अन्य अधिकारियों से घटना की जानकारी ली और अभी तक की विवेचना की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद घटनास्थल पर पहुंचकर शोरूम के मालिक अतुल गर्ग से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। भरोसा दिलाया कि जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर खुलासा किया जाएगा। पत्रकारों से बातचीत में डीजीपी अभिनव कुमार ने कहा कि रविवार को हुई डकैती प्रदेश में अब तक की सबसे बड़ी घटना है। इसे हमने चुनौती के तौर पर स्वीकार किया है। डीजीपी ने कहा कि प्रदेश के काईम स्पॉट ऐरिया में गश्त बढ़ाई जायेगी। जनपद देहरादून,हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में बाहरी राज्यों की सीमायें जुड़ी हुई है लिहाजा प्रदेश में प्रवेश करने वालों की निरंतर सीसीटीवी कैमरे लगाकर मॉनिटरिंग की जायेगी। डीजीपी ने बताया कि हरिद्वार में हुई डकैती और लूट जैसी बेखौफ वारदातों की रोकथाम के लिए उत्तराखंड पुलिस सजगता और सक्रियता से काम करेगी। हरिद्वार के अफसरों और एसटीएफ की बेस्ट टीमें घटना के खुलासे के लिए लगाई गई हैं। अपराधी को पकड़ेंगे और माल भी बरामद करेंगे। कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पूरी जांच पड़ताल पर नजर बनाए हुए हैं। इसलिए एसटीएफ को भी खुलासे में लगाया गया है। कहा कि देवभूमि में पर्यटक व तीर्थ यात्रियों का स्वागत होता है। जो भी अपराधी इस तरह का दुस्साहस करेंगे, चाहे वो कहीं के भी हों, उनका पुलिसिया ढंग से स्वागत करना हमें आता है। जल्द निकट भविष्य में इसका सही खुलासा होगा और माल भी बरामद होगा। भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों, इसके लिए सार्थक प्रयास किए जाएंगे। डीजीपी ने अधीनस्थों की बैठक लेते हुए कहा कि बदमाशों का हुलिया अन्य राज्यों की पुलिस से साझा किया जाए। उनके वाहनों की डिटेल लेकर सर्विलांस की मदद से मोबाइल आदि की जानकारी जुटाएं। डीजीपी ने कहा कि तकनीक के साथ-साथ मुखबिर तंत्र की मदद भी ली जाए। कोई भी एंगल छूटना नहीं चाहिए। एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने डीजीपी को अलग-अलग राज्यों में बदमाशों की तलाश कर रही पुलिस टीमों की अपडेट उपलब्ध कराई। इस दौरान एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह, एसपी क्राइम पंकज गैरोला आदि मौजूद रहे। वहीं श्रीबालाजी ज्वेलर्स के शोरूम में चार करोड़ की डकैती डालने वाले बदमाशों के तार हरियाणा और उत्तरप्रदेश से जुड़ रहे हैं। पुलिस और सीआईयू की पांच टीमें इन राज्यों में पहुंच गई हैं। हरियाणा में खासतौर पर टीमें खोजबीन में जुटी हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ, शामली सहित आसपास के जिलों में भी टीमें लगी हैं। बदमाशों से जुड़े कुछ लोगों तक पुलिस के पहुंचने की भी बात कही जा रही है। गौरतलब है कि रविवार की दोपहर रानीपुर मोड़ के पास अतुल गर्ग के श्रीबालाजी ज्वैलर्स के नाम से बने शोरूम में हथियार के साथ पहुंचे बदमाशों ने करोड़ों की डकैती की थी। इस मामले में एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने पुलिस और सीआईयू की 11 टीमें गठित की हैं, जो डकैतों के खोजबीन में लगी हैं। आईजी गढ़वाल करन सिंह नगन्याल ने भी घटनास्थल पहुंचकर अतुल गर्ग से जानकारी लेकर बदमाशों को जल्द गिरफ्तार कर लेने का दावा किया था। साथ ही मामले में एडीजी लॉ एंड कानून ने भी जिले की संयुक्त टीम के साथ ही एसटीएफ को भी डकैती के खुलासे के लिए जिम्मेदारी सौंपी है। टीमें अब तक एक हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगालते हुए आरोपियों के पीछे लगी हैं। प्रारंभिक जांच-पड़ताल में ज्वालापुर के एक आश्रम में रुकने की बात सामने आ रही है। पुलिस ने छानबीन में पाया कि आश्रम में रुके तीन लोगों ने फर्जी आधार और मोबाइल नंबर रजिस्टर में दर्ज कराया था। पुलिस सीसीटीवी और बदमाशों के हुलिए से इसकी जांच कर रही है। डकैती के बाद पुलिस बदमाशों के भागने से लेकर उनके यहां पहुंचने तक की सीसीटीवी से सुराग ढूंढ रही है। साथ ही आसपास के सभी होटल-धर्मशालाएं और आश्रमों के भी रिकॉर्ड खंगाल रही है। अभी तक की जांच में ये बात निकलकर सामने आई है कि बदमाश 29 अगस्त को ही हरिद्वार पहुंच गए थे और यहीं रुककर रेकी कर रहे थे। एसएसपी प्रमेंद्र तोमर ने बताया कि मामले की जांच चल रही है, कुछ जानकारियां मिली हैं, जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। हरिद्वार में डकैती की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों की हिमाचल के ऊना में भी वारदात को अंजाम देने की सीसीटीवी फुटेज सामने आई है। हरिद्वार पुलिस ने हिमाचल पुलिस से संपर्क साधा, तो ये बात सामने आई। आरोपियों ने जून माह में एक फाइनेंस कंपनी में डकैती डालने का प्रयास किया था, मगर कंपनी के कर्मचारियों की सतर्कता के कारण बदमाश असफल हो गए थे और भाग निकले थे।







# सार्वजनिक स्थानों पर पी शराब तो हवालात में उतरेगा नशा

## यूपी पुलिस के फरमान से शराबियों में खलबली, उत्तराखंड में बल्ले बल्ले

-मनोज श्रीवास्तव-

काशीपुर। पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में शराब पीने वालों को सरकार के निर्देश पर पुलिस ने सख्त चेतावनी दी है कि यदि सार्वजनिक स्थानों पर कोई शराब पीता पाया गया तो हवालात में नशा उतारा जाएगा। पुलिस प्रशासन के फरमान के बाद घूम-घूम कर शराब पीने वालों में खलबली मची है। उधर दूसरी ओर मांसाहारी खाद्यान्न अथवा ऐसे होटल ढाबों के संचालक जो कानून को ताक पर रखकर शराब पिलाने का काम कर रहे थे वह भी सजग और चौकन्ना हो चुके हैं। लेकिन अपने उत्तराखंड में पैग लगाना बहुत ही आसान है। यहां जब जहां चाहे व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों पर बड़ी ही आसानी से शराब को हलक से नीचे उतर सकता है। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पिलाने पर पाबंदी को लेकर पूर्व में कई बार अभियान चलाया गया लेकिन दो कल कदम चलने के बाद अभियान औंधे मुंह धड़ाम हो जाता है। कमोवेश इस बार भी कुछ ऐसा ही हाल देखा जा रहा है। कड़वा सच यह है कि यदि पुलिस गंभीरता से ऐसे लोगों के खिलाफ हटकर लगे अथवा कार्यवाही करें तो मजाल नहीं है कि वह दोबारा इस तरह के गैरकानूनी कार्यो को बढ़ावा देंगे लेकिन लोगों का मानना है कि पुलिस की लचर कार्य प्रणाली के कारण सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी का चलन अब विकराल रूप धारण कर चुका है। सहोता अस्पताल के सामने पान के खोखे पर बताते हैं कि एक दिन में सैकड़ो लोग सड़क के किनारे खड़े होकर चखने से शराब गटकने का काम कर रहे हैं। भला बताइए जब अस्पताल के ठीक सामने एक खोखा संचालक कानून की धज्जियां उड़ा सकता है तो फिर शहर के और स्थान भला कैसे महफूज रह सकते हैं।

### उत्तराखंड में बंद नहीं हो रही शराब खोरी

काशीपुर। उत्तराखंड सरकार को उत्तर प्रदेश सरकार के राजकाज से कई मामलों में सीख लेनी चाहिए। धामी सरकार यदि योगी आदित्यनाथ के पद चिन्हों पर चलती है तो भविष्य में नशा मुक्त राज्य की कल्पना की जा सकती है लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में यह कदापि संभव नहीं है। प्रदेश में नशाखोरी अभिशाप बन चुकी है। अकेले काशीपुर में प्रतिदिन आधा दर्जन से अधिक गांवों में लाखों लीटर अवैध कच्ची शराब बनाई और बेची जा रही है। कच्ची शराब के नगर व ग्रामीण इलाकों में दर्जनों अड्डे आबाद है। कार्यवाही को लेकर आबकारी का किरदार पूरी तरह संदिग्ध है। इसी तरह जसपुर काशीपुर बाजपुर समेत महत्वपूर्ण शहरों में शाम ढलने से लेकर देर रात तक अनगिनत सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम शराब पिलाई जा रही है। काशीपुर की बात करें तो जसपुर खुर्द में साहनी रिजॉर्ट के आसपास, मुरादाबाद रोड पर महेशपुरा पुलिया से ढेला पुल तक दर्जनों स्थानों पर सड़क किनारे, तथा बाजपुर रोड पर प्राइवेट बस स्टैंड के सामने गली शराब खोरी के लिए कुख्यात है। इसके अलावा शहर में दर्जनों ऐसे होटल ढाबे और महफूज स्थान है जहां खुलेआम शराब पीने पिलाने का काम किया जा रहा है। इसी तरह जसपुर तथा बाजपुर में भी सार्वजनिक स्थानों पर पिलाई जाने वाली शराब आम लोगों के लिए जी का जंजाल बन चुकी है। मजे की बात है कि उपरोक्त स्थान पर आए दिन शराबी नशे में चूर होकर मार्ग से होकर गुजरने वाली महिलाओं से छेड़छाड़ करते हैं लेकिन शराबखोरी आज तक बंद नहीं हो सकी। पुलिस की नीतियों का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है।



